श्रावण मास, कृष्ण पक्ष, 22 वर्ष, अंक 184, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | बुधवार 2 अगस्त 2023 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

## कैबिनेट : उत्तर प्रदेश अब वाटर टूरिज्म और एडवेंचर स्पोर्ट्स के लिए भी पहचाना जाएगा



**लखनऊ। उत्तर प्रदेश** अब वाटर टूरिज्म और एडवेंचर स्पोर्ट्स के लिए भी पहचाना जाएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मंगलवार को लोकभवन में आयोजित कैबिनेट बैठक में उत्तर प्रदेश जल आधारित पर्यटन एवं साहसिक क्रीड़ा नीति (यूपी वाटर टूरिज्म एंड एडवेंचर स्पोर्ट्स पॉलिसी-2023) को मंजूरी मिली है। उप्र सरकार के पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि यह नीति उत्तर प्रदेश में अंतदेर्शीय समस्त भू-आधारित, वायु आधारित एवं जल मार्गों, बांधों, जलाशयों, झीलों, नदियों, तालाबों एवं राज्य के अधिकार क्षेत्र के अंदर विभिन्न जल निकायों एवं भूमि खंडों पर की जाने वाली सभी साहसिक गतिविधियों पर लागू होगी।

10 वर्षों के लिए वैध होगी नीतिः पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश में विंध्य व बुंदेलखंड क्षेत्रों में पहाड़ियां, हिमालय के तराई क्षेत्र में लगभग 16,620 वर्ग किमी. के वन क्षेत्र के साथ अनेक सुंदर परिदृश्य, वन विस्तार, बहती नदियों और लुभावने सुंदर झरने, बांध, जलाशय एवं झीलें होने के चलते प्रदेश में जल आधारित पर्यटन एवं साहसिक क्रीड़ा एवं जल क्रीड़ा की काफी संभावनाएं हैं। इसी को देखते हुए प्रदेश में हम इसकी नीति को लेकर आए हैं, जिसे मंत्रिमण्डल से स्वीकृति मिल गई है। यह नीति राज्य सरकार द्वारा अधिसूचित तिथि से 10 वर्षों के लिए वैध होगी।

एडवेंचर स्पोर्ट्स यूनिट से जोड़े जाएंगे पूर्व सैनिकः इस नीति के अंतर्गत कार्यवाही के लिए नोडल एजेंसी मंडल स्तर पर एडवेंचर स्पोर्ट यूनिट का सृजन करेगी।

एडवेंचर स्पोर्ट्स यूनिट में पूर्व सैनिकों को सम्मिलित करने के लिए उत्तर प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम, उत्तर प्रदेश पूर्व सैनिक कल्याण निगम के साथ एमओयू हस्ताक्षरित करेगा। नोडल एजेंसी द्वारा अधिसूचित भूखंड क्षेत्रों एवं जल स्त्रोतों पर जल आधारित पर्यटन एवं साहसिक क्रीड़ा के लिए क्षमता का अध्ययन कराया जाएगा। प्रत्येक भूखंड क्षेत्रों एवं जल स्त्रोतों पर जल आधारित पर्यटन एवं साहसिक क्रीड़ा के लिए लाइसेंस जारी किए जाएंगे।

### कर्नाटक और राजस्थान में विकास ठप होने पर जताया अफसोस

## 'हर किसी का सपना पूरा करना मोदी की गारंटी'



**पुणे/नई दिल्ली। प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि सरकार राज्य के विकास से देश के विकास के मंत्र के साथ आगे बढ़ रही है। नागरिकों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार को सरकार की प्रतिबद्धता बताते हुए उन्होंने कहा कि चाहे गरीब हो या मध्यम वर्ग, हर किसी के सपने को पूरा करना मेरी गारंटी है। प्रधानमंत्री आज पुणे मेट्रो के पूर्ण हो चुके खंडों के उद्घाटन के अवसर पर मेट्रो ट्रेनों को हरी झंडी दिखाने के बाद सभा को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने पिंपरी चिंचवड़ नगर निगम (पीसीएमसी) द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत निर्मित 1280 से अधिक घर और पुणे नगर निगम द्वारा निर्मित 2650 से अधिक पीएमएवाई घर भी लाभार्थियों को सौंपे। उन्होंने पीसीएमसी द्वारा निर्मित किए जाने वाले लगभग 1190 पीएमएवाई घरों और पुणे महानगर क्षेत्र विकास प्राधिकरण द्वारा निर्मित 6400 से अधिक घरों की आधारशिला रखी। प्रधानमंत्री ने पीसीएमसी के तहत लगभग 300 करोड़ रुपये की लागत से विकसित अपशिष्ट से ऊर्जा संयंत्र का भी उद्घाटन किया। सभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि पुणे एक जीवंत शहर है जो देश की अर्थव्यवस्था को गति देता है और पूरे देश के युवाओं के सपनों को पूरा करता है। आज की लगभग 15 हजार करोड़ की परियोजनाएं इस पहचान को और मजबूत करेंगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार राज्य के विकास से देश के विकास के मंत्र के साथ आगे बढ़ रही है। उन्होंने कहा, जब महाराष्ट्र विकसित होगा, तो भारत विकसित होगा। जब भारत बढ़ेगा, तो महाराष्ट्र को भी लाभ मिलेगा। नवाचार और स्टार्टअप के केंद्र के रूप में भारत की बढ़ती पहचान का उल्लेख करते हुए, प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत ने 9 साल पहले कुछ सौ की तुलना में 1 लाख स्टार्टअप को पार कर लिया है। उन्होंने इस सफलता के लिए डिजिटल बुनियादी ढांचे के विस्तार को श्रेय दिया।

### विकसित भारत के निर्माण का संकल्पः पीएम

**प्रधानमंत्री** ने एक मराठी कहावत उद्धृत की और बताया कि सरकार का प्रयास न केवल आज को बल्कि बेहतर कल को भी बेहतर बनाना है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत के निर्माण का संकल्प इसी भावना की अभिव्यक्ति है। मोदी ने महाराष्ट्र में एक ही उद्देश्य के साथ एक साथ आने वाली कई अलग-अलग पार्टियों की तरह एक साथ काम करने की आवश्यकता पर जोर दिया। प्रधानमंत्री ने कहा, उद्देश्य यह है कि सभी की भागीदारी से महाराष्ट्र के लिए बेहतर काम किया जा सके, महाराष्ट्र का तेज गति से विकास हो। मोदी ने शहरों में रहने वाले लोगों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार के लिए सार्वजनिक परिवहन बुनियादी ढांचे में सुधार की आवश्यकता पर जोर दिया।


## एलएसडी कार्टेल "जम्बाडा कार्टेल" को एनसीबी ने किया ध्वस्त

**नई दिल्लीः नारकोटिक्स** कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) ने मंगलवार को डार्कनेट पर संचालित हो रहे एक ड्रग तस्करी नेटवर्क का भंडाफोड़ कर भारी मात्रा में ड्रग बरामद किया है। एनसीबी का दावा है कि उन्होंने भारत के सबसे बड़े डार्कनेट लिसेर्जिक एसिड डायथाइलैमाइड (एलएसडी) कार्टेल जम्बाडा कार्टेल का पदार्फाश किया है। इस मामले में एनसीबी दिल्ली क्षेत्रीय इकाई की ओर से अब तक कुल 06 मामले दर्ज किए गए हैं। ड्रग्स के आयात और इसके अखिल भारतीय वितरण में शामिल 22 भारतीयों को गिरफ्तार किया गया है। इन कार्टेल के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए दिल्ली क्षेत्रीय इकाई द्वारा विशेष टीमों का गठन किया गया था। गहन साइबर गश्त और तकनीक के साथ- साथ फील्ड निगरानी के बाद, 19 अप्रैल 2023 को एक ऑपरेशन शुरू किया गया था, जिसके परिणामस्वरूप लगभग 15,000 एलएसडी ब्लॉट्स (वाणिज्यिक मात्रा के 2500 गुना से अधिक), 44 ग्राम एमडीएमए और 24.65 लाख रुपये की ड्रग मनी की जब्ती/ फ्रीज के साथ देश में दूसरे सबसे बड़े डार्कनेट एलएसडी कार्टेल को ध्वस्त करने में पहली सफलता मिली।

## चंद्रमा की ओर बढ़ा चंद्रयान-3

**चंद्रयान-3**

**पांच अगस्त को पहुंचेगा, इसरो ने मंगलवार सुबह ट्वीट कर इस उपलब्धि को दुनिया से साझा किया**




**नई दिल्लीः भारतीय** अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) का महत्वपूर्ण मिशन चरणबद्ध तरीके से सफलता की ओर तेजी से आगे बढ़ रहा है। इस मिशन का चंद्रयान-3 ऐतिहासिक सफलता पूर्ण कर पृथ्वी की कक्षा को छोड़ चंद्रमा की ओर चल पड़ा है। इसरो ने पृथ्वी की सभी आर्बिट के चक्कर लगा चुके चंद्रयान-3 को एक अगस्त की आधी रात चंद्रमा के रास्ते की तरफ इजेक्ट किया था।

इसरो ने मंगलवार सुबह ट्वीट कर इस उपलब्धि को दुनिया से साझा किया है। इसरो ने कहा है कि तय समय पर यान को पृथ्वी की आर्बिट से इजेक्ट करने के लिए ऑन किया गया और उसको पर्याप्त एक्सीलेरेशन देकर चांद की तरफ जाने वाले रास्ते पर भेज दिया गया।

## 2000 नोटः 88% नोट बैंकिंग सिस्टम में वापस लौटे



**अब चलन में 42 हजार करोड़ रुपये मूल्य के नोटः आरबीआई**

**नई दिल्लीः देश में 88** प्रतिशत 2000 के नोट बैंकों में वापस आ चुके हैं। 31 जुलाई 2023 तक बाजार में अब महज 42,000 करोड़ रुपये मूल्य के नोट ही बचे है। भारतीय रिजर्व बैंक ने मंगलवार को यह जानकारी देते हुए कहा कि 31 जुलाई 2023 तक 3.14 लाख करोड़ रुपये के 2000 रुपये के नोट बैंकों में वापस आ गए हैं। अब महज 42 हजार करोड़ रुपये मूल्य के नोट ही बाजार में चलन में है। आरबीआई के अनुसार 19 मई 2023 को बाजार में चलन में मौजूद 2000 रुपये के नोटों में से 88 प्रतिशत नोट बैंकिंग सिस्टम में वापस आ गए हैं। 31 मार्च 2023 को बाजार में 3.62 लाख करोड़ रुपये के दो हजार के नोट बाजार में चलन में थे।

### कोर्ट ने इसे सर्वे की तरह कराने की मंजूरी दी, जल्दी ही बिहार सरकार फिर से जातीय जन-जनगणना शुरू करवाएगी

## जातीय जनगणनाः हाईकोर्ट से नीतीश को राहत




**पटनाः नौ** या छह- बिहार में यह कहावत खूब चलती है। मंगलवार को पटना हाईकोर्ट अपने अंतरिम फैसले से आगे अंतिम फैसले में यही करेगा। हाईकोर्ट ने पिछले महीने सुप्रीम कोर्ट की दी तारीख के अंदर बिहार में जातीय जनगणना को लेकर उठ रहे सवालों पर सुनवाई कर ली। चीफ जस्टिस के विनोद चंद्रन व जस्टिस पार्थ सार्थी की खंडपीठ ने लगातार पांच दिनों तक (3 जुलाई से लेकर 7 जुलाई तक) याचिकाकर्ता और बिहार सरकार की दलीलें सुनीं। कोर्ट ने जाति आधारित जनगणना बताने वालों की भी पूरी दलील सुन ली और फिर सरकार के उस दावे का पक्ष भी सुना, जिसके अनुसार यह जाति आधारित सर्वे है। पटना हाईकोर्ट ने सीएम नीतीश कुमार के ड्रीम प्रोजेक्ट को हरी झंडी दे दी है। कोर्ट ने इसे सर्वे की तरह कराने की मंजूरी दे दी है। जल्दी ही बिहार सरकार फिर से जातीय जन-जनगणना शुरू करवाएगी। हालांकि कोर्ट के इस फैसले से याचिकाकर्ता नाखुश हैं। उनका कहना है कि अब वह इस मामले को लेकर सुप्रीम कोर्ट जाएंगे।

अंतिम फैसला आए बिना सुप्रीम कोर्ट में नहीं होगी सुनवाईः सुप्रीम कोर्ट ने 19 मई को तीसरी बार बिहार की जाति आधारित जन-गणना के केस को पटना हाईकोर्ट के पास भेजा था। दो बार जनहित के नाम पर याचिका पहुंचने पर सुप्रीम न्यायालय ने इसे हाईकोर्ट का केस बताते हुए वापस किया था। इसके बाद पटना हाईकोर्ट में सुनवाई हुई और यहां 04 मई को अंतरिम फैसला राज्य सरकार के खिलाफ आया।

## मणिपुर में लगता है कानून भी नहीं थाः सुप्रीम कोर्ट

**एफआईआर नहीं हुई, गिरफ्तारियां नहीं हो पाई**



**नई दिल्ली : मणिपुर में** महिलाओं की निर्वस्त्र परेड कराए जाने के केस में मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हो रही है। एफआईआर में देरी पर केंद्र ने कहा कि मणिपुर में हालात बेहद खराब हैं। सुप्रीम कोर्ट बोला- इसका मतलब हालात इतने खराब हैं कि वहां कानून भी नहीं था। एफआईआर दर्ज नहीं हुई, पुलिस गिरफ्तारी नहीं कर पाई। इससे पहले केंद्र की ओर से रिपोर्ट पेश करते हुए सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि हम जितना निष्पक्ष रह सकते थे, उतना रहने की कोशिश की है। इस पर कुकी महिलाओं के रेप और हत्या के मामले में याचिकाकर्ता की ओर से वरिष्ठ वकील वृंदा ग्रोवर ने कहा कि यह रिपोर्ट कानून के खिलाफ है। इसमें पीड़िताओं के नाम हैं। सुप्रीम कोर्ट ने तुरंत केंद्र सरकार को निर्देश दिया कि इस रिपोर्ट को किसी से शेयर मत करना। मीडिया को मत देना। नहीं तो पीड़ितों के नाम सामने आ जाएंगे। कोर्ट बोला कि हम अपनी कॉपी में करेक्शन कर लेंगे। इस पर केंद्र ने कहा कि हमने इसे किसी से शेयर नहीं किया। हमारे पास हमारी कॉपी है और एक कॉपी सिर्फ बेंच के सामने रखी गई है। इधर, कोर्ट ने मणिपुर डीजीपी को 4 अगस्त तक पेश होने के लिए कहा है। उनसे पूछा गया है कि आखिर इतनी बड़ी घटना की जीरो एफआईआर क्यों की गई, इसका जवाब दें।

चीफ जस्टिस चंद्रचूड़, जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की बेंच सुनवाई कर रही है। पिटीशन में पीड़ित महिलाओं की पहचान जाहिर नहीं की गई है। उन्हें और नाम से संबोधित किया गया है।

## जगदीश टाइटलर की अग्रिम जमानत याचिका पर सीबीआई को नोटिस

**नई दिल्ली, । दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट** के सेशंस कोर्ट ने 1984 के सिख विरोधी दंगों के मामले में कांग्रेस के पूर्व नेता जगदीश टाइटलर की अग्रिम जमानत याचिका पर सीबीआई को नोटिस जारी किया है। स्पेशल जज विकास ढल ने सीबीआई को कल यानी दो अगस्त को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया।

एडिशनल चीफ मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट विधि गुप्ता आनंद ने 26 जुलाई को जगदीश टाइटलर के खिलाफ दाखिल चार्जशीट पर संज्ञान लिया था।

## राहुल गांधी दिल्ली की आजादपुर मंडी पहुंचे

**सब्जी और फल विक्रेताओं से बात की, उनकी समस्याएं पूछीं**



**नई दिल्लीः कांग्रेस** नेता राहुल गांधी मंगलवार अलसुबह दिल्ली की आजादपुर मंडी पहुंचे। यहां उन्होंने सब्जियों-फलों के बढ़ते दाम को लेकर विक्रेताओं से बात की और उनकी समस्याएं पूछीं इस दौरान दुकानदार उन्हें घेरे दिखाई दिए।

तीन दिन पहले राहुल गांधी ने एक मीडिया चैनल का वीडियो अपने ट्विटर अकाउंट पर शेयर किया था। इसमें आजादपुर मंडी के बाहर एक सब्जी विक्रेता ने बताया कि वह टमाटर खरीदने आया था कि ताकि उसे बेचकर पैसे कमा सके, लेकिन उसके पास टमाटर खरीदने लायक पैसे नहीं थे।

दो दिन पहले केरल से लौटे हैं राहुलः राहुल गांधी केरल के मलप्पुरम में घुटने के दर्द का इलाज करवा कर लौटे हैं। वे यहां सौ साल पुराने आयुर्वेदिक संस्थान कोट्टक्कल आर्य वैद्य शाला में ट्रीटमेंट ले रहे थे। वैद्य शाला के पी. मदनवनकुट्टी वेरियर और के. मुरलीधरन के साथ डॉक्टरों की एक टीम उनकी देखभाल में लगी थी।

## ऑनलाइन गेमिंग पर 28 फीसदी टैक्स लगाने पर बुधवार को निर्णय लेगी जीएसटी परिषद

**नई दिल्ली, । वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) परिषद की बैठक बुधवार** को होगी। जीएसटी परिषद इस बैठक में ऑनलाइन गेमिंग, कसीनो और घुड़दौड़ पर 28 फीसदी जीएसटी लागू करने के तौर-तरीकों पर फैसला करेगी।

आधिकारिक सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में जीएसटी परिषद की ऑनलाइन बैठक होगी। केंद्र और राज्य सरकार के कर अधिकारियों की विधि समिति ने ऑनलाइन गेमिंग, कैसीनो और घुड़दौड़ पर एक नया नियम जोड़ने का सुझाव दिया है। जीएसटी परिषद 02 अगस्त को होने वाली बैठक में समिति की सिफारिशों पर विचार करेगी।

उल्लेखनीय है कि केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता वाली जीएसटी परिषद की 11 जुलाई को हुई बैठक में ऑनलाइन गेमिंग, कसीनो और घुड़दौड़ में लेन-देन की पूरी राशि पर 28 फीसदी की दर से कर लगाने का निर्णय किया गया था। जीएसटी परिषद के इस निर्णय पर आपत्ति दर्ज कराने के बाद इसको लेकर यह बैठक हो रही है।

### पाक ने तुर्किये में रची कश्मीर के खिलाफ साजिश

## पांच अगस्त के लिए बनाया 'मिशन ड्रॉइंग डिजाइन'!



**जम्मू कश्मीरः जैसे** जैसे जम्मू कश्मीर से धारा 370 हटाए जाने वाला दिन नजदीक आता जा रहा है पाकिस्तान अपनी साजिशें बढ़ाता जा रहा है। इसके लिए पाकिस्तान ने न सिर्फ इस्लामाबाद बल्कि तुर्किए की राजधानी अंकारा से भारत के खिलाफ 5 अगस्त को लेकर बड़ी साजिश रची है। जानकारी के मुताबिक कश्मीर से धारा 370 हटाए जाने के 4 साल बाद पाकिस्तान ने पांच अगस्त के लिए इस्लामाबाद से "मिशन ड्राइंग डिजाइन" लांच किया है। इस मिशन में सिर्फ जम्मू-कश्मीर ही नहीं बल्कि पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर के उन मासूम बच्चों को शामिल कराए जाने का षड्यंत्र रचा जा रहा है जिनके दिमाग में अभी से जहर घोला जा सके। फिलहाल पांच अगस्त को लेकर देश की खुफिया एजेंसियों से लेकर रक्षा मामलों से जुड़ी एजेंसियां सतर्क हो गई हैं और घाटी में सुरक्षा के चाक-चौबंद इंतजामात कर दिए गए हैं।

तुर्किए की राजधानी अंकारा में रची बड़ी साजिश...:

जानकारी के मुताबिक कश्मीर घाटी से हटाई गई धारा 370 का विरोध करने के लिए पाकिस्तान ने बड़ी साजिश रचनी शुरू कर दी है। खुफिया सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक पाकिस्तान ने इसकी शुरूआत तुर्किए की राजधानी अंकारा से की है। अंकारा में पाकिस्तानी दूतावास से जुड़े अधिकारी और पाकिस्तान के एम्बेसडर युसूफ जुनैद ने 20 जुलाई को अंकारा में कश्मीर घाटी में हटाई गई धारा 370 के विरोध में एक सेमिनार और कॉन्फ्रेंस में शिरकत की थी।

### अजरबैजान से पकड़ा गैंगस्टर लॉरेंस का भांजा सचिन, हत्या से पहले भागा था विदेश

## मूसेवाला मर्डर का मास्टरमाइंड भारत पहुंचा



**लुधियानाः पंजाबी** सिंगर सिद्धू मूसेवाला की हत्या के मास्टरमाइंड गैंगस्टर सचिन थापन को भारत लाया गया। दिल्ली एयरपोर्ट पर कड़ी सुरक्षा के बीच उसे स्पेशल सेल टीम लेकर पहुंची। सचिन को भारत लाने के लिए सुरक्षा एजेंसियों की टीम अजरबैजान पहुंची थी। सचिन गैंगस्टर लॉरेंस का भांजा है। वह मूसेवाला हत्याकांड की साजिश रचने वालों में शामिल है। हत्या से कुछ समय पहले वह लॉरेंस के भाई अनमोल बिश्नोई के साथ जाली पासपोर्ट पर विदेश भाग गया था। उसका नाम मूसेवाला हत्याकांड की एफआईआर और चार्जशीट दोनों में शामिल है। बताया जा रहा सचिन ने दुबई बेस्ड दिल्ली के कारोबारी से 50 करोड़ की फिरौती भी मांगी थी। कारोबारी का नाम गैलन बताया जा रहा है। टी-10 टीम के मालिक से 50 करोड़ रुपए फिरौती मांगने की कॉल रिकॉर्डिंग भी काफी चर्चा में रही थी।

### खबर संक्षेप

**समस्याओं को लेकर किसानों का धरना प्रदर्शन आज**

**मेजा।** किसानों के ऊपर हो रहे अत्याचार, बिजली, पानी, सड़क, नकली खाद, बीज और नहरों में समय से पानी ना छोड़े जाने, बिजली विभाग के मनमानी रवैए और विभिन्न प्रकार की समस्याओं को लेकर किसानों का धरना प्रदर्शन कल बुधवार को प्रयागराज के गिरजाघर के पास कार्यक्रम रखा गया है। जिसमें प्रयागराज, कौशांबी, प्रतापगढ़ और जौनपुर जिले के सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ता सहभागिता करेंगे। उक्त कार्यक्रम की जानकारी देते हुए तहसील अध्यक्ष जय बजरंग बताया कि पूर्व सूचना के अनुसार विभिन्न समस्याओं को लेकर किसान कल बुधवार को प्रयागराज के गिरजाघर के पास भारी संख्या में प्रयागराज मंडल के किसान भाग लेंगे।उन्होंने धरना प्रदर्शन को सफल बनाने के लिए किसानों से समय पर पहुंचने की अपील की है।कार्यक्रम में प्रमुख रूप से प्रदेश अध्यक्ष हरिनाम वर्मा ,प्रयागराज मंडल अध्यक्ष बबलू दुबे, जिला अध्यक्ष शनि शुक्ला, वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष जालंधर पटेल,मंडल महासचिव जगदीश नारायण तिवारी , ठाकुर राजेश सिंह चौहान शामिल होकर अपने विचारों से किसानों को अवगत कराएंगे।

# डीएम ने की डेंगू एवं संचारी रोगों के नियंत्रण की तैयारियों के सम्बंध में समीक्षा बैठक

## जिलाधिकारी ने डेंगू एवं अन्य संचारी रोगों के प्रभावी नियंत्रण हेतु साफ-सफाई, दवाओं का छिड़काव एवं जागरूकता अभियान चलाये जाने के दिए निर्देश

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री की अध्यक्षता में मंगलवार को संगम सभागार में डेंगू एवं संचारी रोगों की रोकथाम के लिए तैयारियों की समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। जिलाधिकारी ने नगर निगम, स्वास्थ्य विभाग, मलेरिया अधिकारी और डीपीआरओ को निर्देशित किया है कि व्यापक स्तर पर अभियान चलाकर एण्टी लार्वा का छिड़काव, चूना छिड़काव, साफ-सफाई तथा जल निकासी की समुचित व्यवस्था नियमित रूप से सुनिश्चित की जाती रहे। जिलाधिकारी ने नगर निगम को स्थानीय पार्षदों, सफाई निरीक्षक एवं सफाई नायक के साथ प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन करने तथा प्रशिक्षण में प्राप्त सुझावों पर अमल करते हुए संचारी रोग से बचाव की कार्यवाही व्यापक स्तर पर किए जाने के निर्देश दिए है। उन्होंने नगर निगम को स्कूल कालेज, मलिन बस्ती, अस्पताल, कार्यालय एवं अन्य क्षेत्रों में फागिंग एवं एण्टी लार्वा स्प्रे का छिड़काव निरंतर कराते रहने तथा नालियों की नियमित सफाई कार्य, नालियों के किनारें उगी झाड़-झाड़ियों की सफाई कराये जाने के निर्देश दिए है। जिलाधिकारी ने वार्डवार संचारी रोग नियंत्रण अभियान के सम्बंध में जन-जागरूकता रैली का आयोजन किए जाने के लिए कहा है। नगर आयुक्त चन्द्र मोहन गर्ग ने बताया कि संचारी रोगों के नियंत्रण हेतु नगर निगम के पास फागिंग के लिए 135 साईकिल माउण्टेड फागिंग मशीन, 08 बड़ी फागिंग मशीन तथा एण्टीलार्वा के छिड़काव के लिए 212 बैटरी आपरेटेड स्प्रे मशीन, 20 व्हीकल माउण्टेड स्प्रे मशीन उपलब्ध है। जिससे फागिंग का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जन-जागरूकता के कार्य के लिए स्मार्ट सिटी के द्वारा पीए सिस्टम, वीएमडी, दैनिक समाचार पत्रों, पम्पलेट वितरण, डीटीडीसी वाहनों में लगे माईकिंग सिस्टम के माध्यम से से संदेश प्रसारित करते हुए आम नागरिकों को जागरूक किया जायेगा। जिलाधिकारी ने संचारी रोगों की रोकथाम एवं बचाव के लिए जिला विद्यालय निरीक्षक एवं बेसिक शिक्षा अधिकारी को रैली के माध्यम से जन-जागरूकता अभियान चलाये जाने के लिए कहा है। जिला कार्यक्रम अधिकारी को आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के माध्यम से जन-जागरूकता अभियान चलाये जाने के लिए कहा है। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को सुअर बाड़ों, डेयरी, गौशाला सहित अन्य सम्बंधित स्थानों पर साफ-सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित रखने तथा निरंतर जांच करते के निर्देश दिए है। जिलाधिकारी ने सीएमओ को अस्पतालों में मरीजों की देखभाल बेहतर ढंग से कराये जाने तथा एक हेल्थ कैम्प लगाये जाने के निर्देश दिए है। उन्होंने जिला पंचायतराज अधिकारी को एडीओ पंचायत, ग्राम पंचायत अधिकारी, प्रधानों को संचारी रोग से बचाव व नियंत्रण के सम्बंध में प्रशिक्षण दिए जाने के लिए कहा है। जिलाधिकारी ने संचारी रोगो के नियंत्रण एवं रोकथाम के लिए स्थापित कंट्रोल रूम को क्रियाशील करने तथा माइक्रो प्लान के तहत निगरानी रखने के लिए कहा है। इस अवसर पर सीएमओ आशु पाण्डेय, अपर नगर आयुक्त अरविंद राय, जिला मलेरिया अधिकारी एके सिंह सहित अन्य सम्बंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# हरे रामा छाई घटा घनघोर बदरिया कारी ए हरी...

## रुद्रा संगम में महिलाओं ने कजरी गायन से बिखेरी ग्रामीण माटी की सुगंध

अखंड भारत संदेश



**सहसों।** रुद्रा संगम नसीरपुर की अंतहवाशी महिलाओं द्वारा कजरी का आयोजन किया गया। जिसमे ढोलक की थाप पर मजीरा संग महिलाएं कजरी की विलुप्त हो रही ग्रामीण माटी की सुगंध को जीवंत कर दिया। पूर्वांचल की माटी और संस्कृति से जुड़ा लोक गीत कजरी अब विलुप्तता के कगार पर पहुंचता नजर आ रहा है। विगत एक दशक पूर्व सावन मास शुरू होने के साथ ही कजरी लोक गीत की शुरूआत हो जाती रही और लगभग सावन भादों तक इस लोक गीत के लिए दंगल का आयोजन कर जन मानस आनन्द उठाते रहे हैं। पूर्वांचल के गाजीपुर, बलिया,मिजार्पुर, वाराणसी सहित जौनपुर की कजरी प्रदेश में विख्यात रही है। लेकिन आज समाज जिस तरह से पाश्चात्य संस्कृति की तरफ भाग रहा है जो इसका दुखद पहलू है।सावन मास शुरू होते ही रिमझिम फुहारो के बीच महिलायें रात्रि के समय झूला झूलते समय अपनी सुरीली आवाज से जब कजरी का गायन करती हैं तो पूरा वातावरण खुशनुमा हो जाता है। महिलायें अपने कजरी लोक गीत के माध्यम से पिया के प्रति जो संवेदना व्यक्त करती है, वह अपने आप में अद्वितीय होता है। साथ ही विरह रस की अभिव्यक्ति से लेकर शिव पार्वती के श्रृंगार तक की दास्तां कजरी में गाती हैं हरे रामा छाई घटा घनघोर बदरिया कारी ए हरी...। भरी आई गंगा उमड़ी आई जमुना, कइसे धनी जईबू नईहरवा ना...। बारी उमरिया मै ब्याह के आई, अरि मैं भोली सैयां नादान...। पिया चलि जईह सावन बिताए के धनवा रोपाई के ना आदि गीत प्रस्तुत कर सबका मन मोह लिया। इस दौरान सुनीता सिंह, आरती सिंह, चंचल सिंह, पूर्णिमा दूबे, बृंदा शुक्ला, आरती गुप्ता, कंचन गुप्ता, अंजू श्रीवास्तव, मीरा यादव, गीता सिंह, शिल्पी श्रीवस्तव आदि दर्जनों महिलाएं शामिल रही।

# औद्योगिक क्षेत्र में पौने दो लाख रुपए की लूट

अखंड भारत संदेश

**नैनी।** नैनी के औद्योगिक क्षेत्र थाना में फाइनेंस कंपनी के कर्मचारी से लगभग पौने दो लाख रुपए की लूट का मामला सामने अआ रहा है। बाइक सबार दो बदमाशों ने बरामार गांव के पास तमंचा सटाकर बैग छीन लिए। कौधियारा निवासी सूरज बिंद रुपए कलेक्शन पर बाइक से वापस लट रहा था। मामला सेंदिग्ध बताया जा रहा है। इलाकाई पुलिस मामले की छानबीन में जुटी हुई है। पुलिसिया जांच के बाद ही मामला स्पष्ट हो पाएगा। मिली जानकारी के अनुसार औद्योगिक क्षेत्र के बरामार गांव के समीप बाइक सवार तीन बदमाशों ने एक युवक से रुपयों से भरे बैग लेकर फरार। भुक्तभोगी के मुताबिक वह एक प्राइवेट फाइनेंस कंपनी के लिए काम करता है। मंगलवार शाम को वह औद्योगिक क्षेत्र के नीबी गांव से पैसे कलेक्शन कर बैग में लगभग 1 लाख 74 हजार रुपए रखकर नैनी कोतवाली क्षत्र के पीडीए कॉलोनी की ओर जा रहा था। जैसे ही वह औद्योगिक क्षेत्र के बरामार गांव के समीप पहुंचा। तभी बाइक सवार तीन बदमाशों ने उसे घेर लिया और उसके साथ मारपीट करते हुए रुपयों से भरे बैग को लूट कर फरार हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस वारदात स्थल पर पहुंची और मामले की जांच पड़ताल करते हुए बदमाशों को पकड़ने के लिए ग्रामीण क्षेत्र इलाके के सड़क किनारे मकानों में लगे सीसीटीवी कैमरे को भी चेक करने में जूटी हुई है। जबकि बदमाशों को पकड़ने के लिए पुलिस टीम कई स्थानों पर ताबड़तोड़ दबिश देने में जुटी हुई है। वहीं भुक्तभोगी ने बदमाशों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए संबंधित थाने में तहरीर दी है।



# विभिन्न मांगो के संबंध में भारतीय किसान संघ ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**पसना।** जिले में सूखे की स्थिति व कोरांव तहसील की नहरों में पानी न आने की समस्या एवं अन्य समस्यायों को लेकर भारतीय किसान संघ उत्तर प्रदेश के प्रांत मंत्री भोला सिंह मुन्ना के नेतृत्व किसानों के दल ने मुख्यमंत्री को संबोधित 11सूत्रीय ज्ञापन उपजिलाधिकारी कोरांव अविनाश यादव को सौंपा। ज्ञापन में मुख्य रूप से अवर्षण की स्थिति में पूरे जनपद का सर्वेक्षण कराकर किसानों को राहत एवम् प्रधानमंत्री फसल योजना अंतर्गत आच्छादित कराकर किसानों को लाभ दिलाया जाए।संघ ने ज्ञापन के माध्यम से यह भी मांग की कि जिलाधिकारी मिजार्पुर द्वारा मेजा बांध का पानी प्रयागराज जनपद में आने से रोकने हेतु सिंचाई विभाग के अधिकारियों को निर्देशित करने की उच्च स्तरीय जांच कराकर अविलंब सिंचाई विभाग के अधिकारियों को नहरों में पानी छोड़े जाने हेतु आदेशित करे,जिससे धान की रोपाई हो सके।जिन न्याय पंचायतों में नहरे नहीं है वहां पर नलकूपों की स्थापना कराने की भी मांग की गई।प्रतिनिधिमंडल में प्रमुख रूप से महानारायण सिंह जिला अध्यक्ष,धीरज सागर जिला प्रचार प्रमुख,उर्मिला सिंह प्रांत महिला प्रमुख,संजय सिंह, अंतिमा सिंह,अवध नारायण सिंह आदि मौजूद रहे।

# अवैध शराब के साथ सभासद गिरफ्तार, पुलिस ने नष्ट कराया लहन

### दस लीटर देसी शराब बरामद

**प्रयागराज।** स्थानीय पुलिस ने अवैध शराब के साथ सभासद को गिरफ्तार किया है। छापामारी में भारी मात्रा में लहन नष्ट किया गया। पुलिस ने आरोपी को मुचलका जमानत पर रिहा कर दिया। मंगलवार को दिन में करीब ग्यारह बजे जब पुलिस गस्त पर थी, तभी मुखबिर की सूचना पर पलयें क्षेत्र के ककरहिया गांव में छापामारी कर एक पीपिया अवैध कच्ची शराब बरामद किया है। पुलिस ने करीब पचास किलो लहन ओर बनाने के उपकरण को भी नष्ट कर आरोप अमरेश कुमार सरोज सभासद वार्ड नंबर तीन मोहल्ला पलयें को गिरफतार कर थाना ले गए। बाद में इंस्पेक्टर नवाबगंज ने आरोपी को सभासद को मुचलका जमानत पर रिहा कर दिया। गिरफ्तारी टीम में चौकी प्रभारी सूर्य प्रकाश दुबे, गोरेलाल यादव, प्रदीप दुबे आदि रहे।

# निकाय चुनाव के बाद चौथे ईओ के रूप में मृदुल कुमार ने संभाला कार्यभार

अखंड भारत संदेश



सिरसा में तैनात ईओ ने गिनाईं प्राथमिकताएं, कहा-जनप्रतिनिधियों के सहयोग से होगा संपूर्ण विकास

**शंकरगढ़।** नगर पंचायत सिरसा के अधिशाषी अधिकारी मृदुल कुमार सिंह ने मंगलवार को नगर पंचायत शंकरगढ़ का अतिरिक्त प्रभार ग्रहण कर लिया। चेयरमैन व स्टाफ की मौजूदगी में ईओ ने चार्ज लिया। नगर निकाय चुनाव के बाद शंकरगढ़ में ईओ का चार्ज लेने वाले वह चौथे अधिशाषी अधिकारी हैं। कार्यभार ग्रहण करने के उपरांत ईओ मृदुल कुमार सिंह ने अपनी प्राथमिकताएं भी गिनाईं। उन्होंने कहा कि वह सप्ताह में तीन दिन नगर पंचायत शंकरगढ़ और तीन नगर पंचायत सिरसा में अपनी सेवाएं देंगे। शंकरगढ़ में सप्ताह के प्रथम दिन सोमवार, बुधवार और शुक्रवार को मौजूद रहेंगे। उन्होंने नगर के विकास को प्राथमिकता देते हुए कहा कि सारे अधूरे कार्यों को पूरा करवाया जाएगा। इसके अलावा कस्बे के जो वार्ड ओडीएफ हो गए हैं, उनकी समीक्षा की जाएगी और ओडीएफ न होने वाले वार्डों के लोगों को जागरुक किया जाएगा। नगर को और बेहतर बनाने के लिए स्थानीय लोगों से उनका सुझाव लेकर कार्य करवाया जाएगा। चार्ज लेने के दौरान उन्होंने चेयरमैन समेत वार्ड सभासदों से भी मुलाकात की और नगर पंचायत को बेहतर बनाने का आश्वासन दिया। बताते चलें कि निकाय चुनावके बाद से बीते दो माह के दौरान मृदुल कुमार सिंह ईओ के रूप में यहां का चार्ज लेने वाले चौथे अधिकारी हैं। यमुनापार में स्थित नगर पंचायत शंकरगढ़ में नगर निकाय चुनाव के पश्चात से लेकर अब तक यहां पर चार अधिशाषी अधिकारियों की तैनाती की जा चुकी है। नगर पंचायत शंकरगढ़ में निकाय चुनाव के बाद से ही कोई ईओ ठहरने का नाम नहीं ले रहा। ऐसा लगता है, जैसे यहां की कुर्सी अभिशप्त हो गई हो। बीते दो माह में कई अधिशाषी अधिकारी इधर से उधर किए जा चुके हैं। नये चेयरमैन के कार्यकाल के बाद से अब तक संतोष कुमार वर्मा, नवनीत कुमार, चैतन्य कुमार तिवारी को तैनाती दी जा चुकी है। नवनीत कुमार को यहां पहली पोस्टिंग दी गई थी। लेकिन कोई भी स्थायी रूप से नहीं टिका तो अब सिरसा के ईओ मृदुल कुमार सिंह को यहां का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। इसके अतिरिक्त प्रयागराज जिले में दो अन्य अधिशाषी अधिकारियों को अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। इसमें नगर पंचायत भारतगंज की ईओ बंटी कुमारी को नगर पंचायत कोरांव और नगर पंचायत मऊआइमा के ईओ प्रदीप कुमार मिश्र को नगर पंचायत लालगोपालगंज का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। अब देखना यह है कि जिले की रिक्त चल रही नगर पंचायतों में अतिरिक्त प्रभार देकर कितने दिन तक काम चलाया जाता है।

# सेवा चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा फ्री नीट कोचिंग का किया शुभारंभ

अखंड भारत संदेश



**मांडा।** प्रयागराज सहर्ष सेवा चैरिटेबल ट्रस्ट संस्था द्वारा सुपर 25 फ्री नीट कोचिंग का मंगलवार को श्रीमती नीतू देवी डिग्री कॉलेज भगौतीपुर बरौत प्रयागराज में किया गया। इस संस्था में लगभग 6000 बच्चों का एग्जाम कराकर 25 बच्चों को चयनित कर उनको निशुल्क पढ़ाने की सारी जिम्मेदारी संस्था द्वारा लिया गया, संस्था के फाउंडर डॉक्टर मिथिलेश बिंद एमडी अनूप कुमार बिंद द्वारा बताया गया कि हमारी संस्था उन गरीब बच्चों के लिए निशुल्क फ्री नीट कोचिंग प्रदान कर रही है, जिनकी आर्थिक स्थिति सही न होने के कारण वह डॉक्टर बनने के सपने को पूरा नहीं कर पाते उनके सपनों को साकार करना डॉक्टर बनने की संपूर्ण जिम्मेदारी संस्था की तरफ से निशुल्क हॉस्टल फ्री बुक लाइब्रेरी ऑनलाइन ऑफलाइन क्लासेस आदि महत्वपूर्ण सुविधा प्रदान कर रही है आज संस्था के उद्घाटन समारोह में एडीएम प्रयागराज अम्बरीश बिंद, डॉ आर के बिंद, डॉ सुजीत बिंद, डॉ सरिता, ड्रा जे एस बिंद, लालजी बिंद (प्रशासनिक अधिकारी), विमल राहुल, सुमन, श्रेया, नेहा, रुचि यादव, सन्हा, खुशी, राधा, शनि, श्रवण आदि छात्रों को सम्मानित किया गया। मौके पर सुरेश ब्लाक प्रमुख,डॉ मिथिलेश बिंद एवं एमडी अनूप कुमार बिंद, प्रदीप बिंद (एडीओ पंचायत), जिलेदार, हिमांचल, रंजित बिंद, राकेश भारतीय, विजय, डेविड, पंकज, मनीष, दीपक, अशोक, धर्मेंद्र, जाकिर हुसैन, सुरेश ब्लाक प्रमुख, आदि लोग रहे।

# नैनी पुलिस ने बम के साथ दो को किया गिरफ्तार

अखंड भारत संदेश




**नैनी।** नैनी कोतवाली की पुलिस टीम ने मंगलवार को मुखबिर की सूचना पर दो युवकों को आठ देशी बम के साथ गिरफ्तार किया हैं। इंस्पेक्टर नैनी वीरेंद्र सिंह के मुताबिक नैनी कस्बा चौकी इंचार्ज उमाशंकर यादव ने मुखबिर की सूचना पर नैनी नगर निगम के पास सार्वजनिक शौचालय गेट के पास से अभिषेक भारतीया निवासी चकदाऊद नगर नैनी व निजाम उर्फ गोलू निवासी चकिया फतेहपुर प्रयगराज को गिरफ्तार किया है। तलाशी के दौरान उनके पास से आठ जिंदा देशी बम बरामद हुआ है।


## न्यूज झरोखा

### चोरी की टैम्पो सहित अभियुक्त गिरफ्तार , भेजा जेल



**मांडा।** मांडा थाना क्षेत्र में बढ़ती चोरी व गोरखधंधे को गंभीरता से लेते हैं मांडा इंस्पेक्टर अरविन्द कुमार गौतम ने मुखबिरो की जाल बिछा कर चोरी , धोखाधडी के साथ कच्ची शराब जैसे गोरखधंधे करने वाले आरोपियों की तलाश शुरू कर दिया है। मांडा क्षेत्र के चिलबिला (अड़ार) गांव निवासी लियाकत अली पुत्र अब्बास ने प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया था कि 17 जुलाई समय लगभग दस बजे मांडा रोड चौराहे से टैम्पो आंपे नं. यूपी 63 टी 106 को चोरों ने चोरी कर उठा ले गए। चोरी की पंजीकृत मामले को गंभीरता पूर्वक लेते हुए मांडा पुलिस ने मुखबीर की सूचना पर चोरी किए गए टैम्पो का अनावरण बुधवार को किया गया । चौकी प्रभारी भारतगंज दुर्गेश सिंह ने 31 जुलाई को मुखबिर की सूचना पर पौने दस बजे गिरधरपुर तिराहे से हाटा रोड पर स्थित बरम बाबा स्थान से टैम्पो सहित चोर को गिरफ्तार कर लिया और मांडा थाने लाकर पूछताछ के बाद आरोपी विमल कुमार पुत्र मोहन निवासी ग्राम हंडिया थाना मांडा के विरुद्ध चोरी व बेईमानी सहित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया है।

### सहसों एवं खोदायपुर साधन सहकारी संघ के सभापति का चुनाव संपन्न



**सहसों।** साधन सहकारी संघ सहसों का चुनाव शैलेन्द्र शेखर सिंह चुनाव अधिकारी की देखरेख में मंगलवार को सभापति पद के लिए राजेन्द्र सिंह निर्विरोध निर्वाचित हुए। जिसमें सहसों सहकारी संघ के सभी 10 डायरेक्टर ने राजेन्द्र सिंह को एकमत होकर निर्विरोध सभापति के लिए निर्वाचित किया। जिसकी घोषणा चुनाव अधिकारी ने तय समय के बाद किया। इस अवसर पर डयरेक्टर भूपेन्द्र मिश्र, नीतू सिंह, शिव नारायण सिंह गप्पू , चन्द्रधर द्विवेदी, बेला सिंह, संजय सिंह, वीरेश कुमार सिंह, विमला देवी, पंकज सिंह, सतीश कुमार गौतम एवं संदीप दुबे, कलेक्टर पांडे, आशीष कुमार मिश्र, इंद्रभान सिंह, राजेश, राम सिंह पूर्व अध्यक्ष, कमल सिंह, संतोष मिश्रा आदि मौजूद रहे। इसी प्रकार किसान सेवा साधन संघ खोदायपुर का चुनाव अनिल कुमार चुनाव अधिकारी की देखरेख में संपन्न हुआ। जिसमें 9 डायरेक्टरों ने आम सहमति से समर बहादुर को निर्विरोध सभापति तथा रंजू देवी को उपसभापति के लिए निर्विरोध निर्वाचित किया। तय समय सीमा के बाद चुनाव अधिकारी ने सभापति तथा उपसभापति का निर्विरोध निर्वाचन की घोषणा की। इस अवसर पर भाजपा नेता राकेश बहादुर सिंह, चंद्रेश नारायण द्विवेदी, योगेंद्र प्रसाद मिश्र, विजय शंकर सिंह, रविंद्र मिश्र शास्त्री, ग्राम प्रधान प्रताप बहादुर सिंह, मंसूर अहमद, राकेश केसरवानी, बाल कांत शुक्ला, ब्रह्म प्रसाद शुक्ला, कमलेश मिश्र, रामकिशोर यादव आदि बधाई देते हुए उपस्थित रहे।

### विहिप प्रांत संगठन मंत्री नितिन जी ने किया पूजन अर्चन



**सहसों।** अष्टोत्तर शत मानस पाठ के पूर्ण होने पर शिव भक्तों द्वारा महायज्ञ का आयोजन किया गया। क्षेत्र के प्राचीन बूढ़ेश्वर महादेव मंदिर गुलालपुर में आयोजित 108 रामचरित मानस पाठ का पारायण महायज्ञ की पूणार्हुति मंगलवार को हुई। जिसके उपलक्ष में महायज्ञ का आयोजन विद्वान आचार्य के द्वारा किया गया।108 श्री राम चरित मानस पाठ के समापन के अवसर पर विहिप प्रान्त संगठन मंत्री काशी प्रान्त नितिन जी ने पहुंच कर वैदिक मंत्रों द्वारा विधि विधान से देवादि महादेव की पूजा अर्चना किया।तत्पश्चात उपस्थित कार्यकताओं से संगठन के आगामी कार्यक्रम को सम्पन्न कराने के लिए ज्यादा से ज्यादा लोगों को जोड़ने का आह्वाहन किया। पुरुषोत्तम मास प्रारंभ होने पर बूढ़ेश्वर महादेव मंदिर पर गत 18 जुलाई से चल रहे विभिन्न धार्मिक आयोजनों के साथ भगवान शिव शंकर का नमक चमक द्वारा महा रुद्राभिषेक दूध एवं गंगा जल से 21 आचार्य विद्वानों द्वारा वैदिक मंत्रों से विधिवत संपन्न हुआ। संपूर्ण कार्यक्रम आचार्य मिथिलेश एवं आचार्य विनय के संयोजन में भगवान सदाशिव का अर्चन पूजन भी हुआ। इसी बीच कथा व्यास डॉ सूर्यनारायण त्रिपाठी ने शिव महापुराण कथा लोगों को श्रवण कराते हुए भगवान सदाशिव के महात्म्य को बताया। कार्यक्रम के अंत में भगवान की भव्य आरती एवं प्रसाद का वितरण हुआ। इस अवसर पर मंदिर के व्यवस्थापक रामेश्वर दास त्यागी, वेद मणि तिवारी, प्राचार्य शिव प्रकाश तिवारी, डॉ प्रयाग दत्त तिवारी, डॉक्टर रामदत्त, शिवदत्त, विवेक तिवारी सहित आदि श्रद्धालु शिवभक्त उपस्थित रहे।

### भाजपा महिला मोर्चा ने किया वृक्षारोपण



**प्रयागराज।** भाजपा द्वारा वृहद रूप से चलाए जा रहे ह्ववृक्षारोपणह्व अभियान के तहत आज मीरापुर मंडल महिला मोर्चा द्वारा मंडल अध्यक्ष रेखा कन्नौजिया एवं वृक्षारोपण अभियान प्रभारी मधुमिता नाथ के नेतृत्व में खत्री पाठशाला स्कूल के प्रांगण में पौधे लगाए गए। जिसमे प्रमुख रूप से प्रधानाचार्य लाल चंद्र पाठक, महिला मोर्चा की पुष्पा विश्वकर्मा, इंदू विश्वकर्मा समेत अन्य पदाधिकारी गण उपस्थित रहे।

### चोरों ने दुकान का ताला काटकर हजारो का समान किया पार



**मऊआइमा।** मऊआइमा थाना चौराहे से कुछ कदम दूरी पर स्थित एक मिष्ठान की दुकान का शटर का ताला काट कर चोरों ने नगदी सहित हजारों के माल चोरी करने में कामियाब रहे। भुक्तभोगी ने अज्ञात चोरों के खिलाफ थाने में तहरीर दी है। मालूम हो कि मऊआइमा कस्बा के मोहल्ला कोट निवासी मोहम्मद अय्यूब पुत्र स्व जकरिया की मऊआइमा थाना चौराहे से कुछ ही कदम दूरी पर ग्राम सुल्तानपुर खास फोरलेन स्थित मिष्ठान की दुकान है।जी कि उन के यहाँ का खोरमा बहुत दूर दूर तक मशहूर है।बीती रात सक्रिय चोरो ने दुकान के शटर का ताला काट कर दुकान में रखा पांच हजार नगदी व इन्वर्टर, बैटरा आदि हजारो के समान चोर चोरी कर ले गए।मोहम्मद अय्यूब ने अज्ञात चोरों के खिलाफ थाने में तहरीर दी है।

### समाजसेवी को मातृशोक

**नैनी।** नैनी क्षेत्र के चकदोंदी निवासी वरिष्ठ समाजसेवी की माता का मंगलवार की सुबह लगभग साढ़े 9 बजे अकाएक इंतकाल हो गया, इनका जनाजा शाम को कलबला के लिए निकला, जहाँ उन्हें सुपुर्द ए खाक किया गया। इस दौरान क्षेत्र में शोक की लहर है। माँ माधुरी वेलफेयर फाउंडेशन के तत्वाधान में एक शोक सभा की गयी जिसमे समाजसेवी इशरत सिद्धिकी की माता के इंतकाल पर शोक व्यक्त किया गया। इस मौके पर मुख्य रूप से देवा श्रीवास्तव, राहुल जायसवाल, राकेश कुमार, नसीम खान, राकेश गुप्ता, तारिक, प्रिंस अखबार समेत तमाम लोगो ने दो मिनट का मौन रखकर आत्मा की शांति हेतु प्रार्थना की गई।

# एसटीएफ ने पकड़ा 23 लाख का गांजा

## उड़ीसा से बोलेरो में बनी स्पेशल केविन में छिपाकर ला रहे थे, चार तस्कर गिरफ्तार

**अखंड भारत संदेश**





**प्रयागराज।** एसटीएफ ने मंगलवार को 90 किलो गांजा के साथ चार तस्करों को गिरफ्तार किया है। यह चारों तस्कर अंतरराज्यीय गांजा तस्कर गिरोह के सक्रिय सदस्य हैं। बरामद गांजे की कीमत 23 लाख रुपए आंकी गई है। गांजा तस्करों के पास से एक लाख रुपए से ज्यादा बरामद किए गए हैं। बरामद गांजा उड़ीसा से लाया जा रहा था। एसटीएफ अब मुख्य सप्लायर तक पहुंचने की तैयारी में है। प्रयागराज एसटीएफ के डीसीपी नागेंदर सिंह ने बताया कि रोहनिया, वाराणसी के समीप एमामी एग्रोटेक प्राइवेट लिमिटेड गोदाम के पास से दबिश देकर पुलिस टीम ने एक कार में लगे 90 किलोग्राम गांजा को जब्त किया है। मौके से चार तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। जिनमें सीताराम यादव पुत्र बाबूलाल यादव निवासी मिढ़नेपुर, रानीपुर, खुटहन, जौनपुर, आशीष पांडेय पुत्र हौसला प्रसाद पांडेय निवासी खिरोड़ी रोड, पीड़खिड़, चुनार, जमालपुर, मिजापुर, अमित सिंह पुत्र स्वरग्गीय नरेंद्र सिंह निवासी भदवार, काशीपुर, रोहनिया, वाराणसी और अवनीश कुमार सिंह पुत्र स्वर्गीय मुरारी सिंह निवासी भिखारीपुर राजातालाब, ममिजार्मुराद वाराणसी हैं। पकड़े गए तस्कर बोलेरो में बने स्पेशल कैविटी के अंदर गांजा का पैकेट छिपाकर आ रहे थे। बोलेरो चालक सीताराम ने बताया कि वह लोग गांजा तस्करी काफी दिनों से कर रहे हैं। उड़ीसा से सस्ते दामों पर गांजा लाकर यूपी के विभिन्न जिलों में महंगे दाम पर बेचा जा रहा है। इससे अच्छी खासी कमाई होती है। उसने बताया कि बोलेरो में उसने विशेष कैविटी बनवा रखी। जिसमें गांजा छिपाकर लाया जाता है और पुलिस पकड़ नहीं पाती। यह कैविटी बोलेरो कि छत पर बनाई गई है। सीताराम के अनुसार वह जिस राज्य में जाते हैं। वहां बोलेरो का नंबर बदलकर उसी राज्य का लगा देते हैं। बरामद गांजा हनुमान यादव पुत्र कृष्णर्देव यादव निवासी निरंजनपुर, खुटहन, जौनपुर का है। जिसके कहने पर सीताराम के साथ गुडुडू यादव उडीसा राज्य से यह गांजा लाया था। गुड्डू घटनास्थल से भागने में सफल हो गया। सीताराम ने बताया कि वह लोग ऐसी गाड़ी खरीदते हैं, जो फाइनेंस न जमा करने की वजह से खींची जाती हैं, उसी को खरीदकर कर चलाते हैं। अजीत, अमित और अवनीश ने बताया कि वह लोग सीताराम के पास गांजा खरीदने आए थे। उनके पास एक लाख 2350 रुपए जो बरामद हुए हैं। वह गांजा खरीदने के लिए थे। इसके अलावा उनके पास चार मोबाइल, एटीएम कार्ड, दो मोटरसाइकिल, एक बोलेरो, एक वोटर आईडी और 90 किलो गांजा बरामद किया। गिरफ्तारी टीम में सब इंस्पेक्टर धर्मेंद्र सिंह, हेड कांस्टेबल हबीब सिद्दीकी, अभिषेक मिश्रा, पंकज तिवारी, पुनीत कुमार पांडेय और ड्राइवर रवि कांत शामिल रहे।



# पूरे दिन जीटी रोड पर लगा रहा जाम

**अखंड भारत संदेश**

**झूंसी।** शास्त्री पुल से लेकर पुलिस बूथ तक पूरे दिन जीटी रोड पर जाम लगता रहा। जाम में फंसे स्कूली बच्चों के साथ मार्ग से गुजरने वाले लोग उमस भरी गर्मी में परेशान नजर आए कई एंबुलेंस भी जाम में फंसी रही। कांवर यात्रा की वजह से वाराणसी प्रयागराज मार्ग को वनवे किया गया है पुलिस की सुस्ती के चलते इधर दो-तीन दिन से झूंसी से लेकर दारागंज तक जाम का जाम लोगों को झेलना पड़ रहा है। मंगलवार को सुबह से ही शास्त्री ब्रिज पर जाम लगने लगा देखते ही देखते पुलिस बूथ तक दोनों ओर गाड़ियों की लंबी कतार लग गई। कुछ समय के लिए जाम कम हुआ लेकिन दोपहर बाद जैसे ही स्कूलों की छुट्टी हुई फिर वही हालात उत्पन्न हो गए पुलिस बूथ चौराहे पर आड़ी तिरछी गाड़ियों के निकलने की वजह से हालात और बदतर हो गए।

# वकीलों ने लगाया जाम कचहरी में रही हड़ताल

**अखंड भारत संदेश**

### उमेश पाल हत्याकांड में अतीक अहमद के वकील विजय मिश्र को जेल भेजे जाने का विरोध कर रहे वकील



**प्रयागराज।** उमेश पाल हत्याकांड में अतीक अहमद के वकील विजय मिश्र को जेल भेजे जाने का विरोध मंगलवार को भी जारी रहा। जिला न्यायालय के वकील दूसरे दिन भी न्यायिक कार्य से विरत रहे। सुबह कचहरी के पास वकीलों ने विरोध प्रदर्शन कर सड़क जाम कर दी। कचहरी रोड पर वकीलों ने बल्ली रख रास्ता रोकने की कोशिश की। वकीलों ने विरोध स्वरूप सड़क पर बैठकर नारेबाजी की। वकीलों ने आरोप लगाया कि विजय मिश्र को फर्जी केस में फंसाया गया है। वकीलों ने निर्णय लिया कि बुधवार को भी आम सभा की बैठक बुलाकर अग्रिम रणनीति बनाई जाएगी। वकीलों ने तय किया कि उचित एवं त्वरित निस्तारण न होने की वजह से दो अगस्त को अधिवक्तागण न्यायिक कार्य से विरत रहेंगे। जिला न्यायाधीश और पुलिस कमिश्नर से मिलेंगे जिला अधिवक्ता संघ इलाहाबाद के सदस्य विजय मिश्र की गिरफ्तारी के मामले में पूर्व अध्यक्षगण की बैठक अपराह्न तीन बजे संघ कार्यालय में हुई। बैठक में पूर्व अध्यक्षगण विनोद चन्द्र दुबे, सीताराम सिंह, उमाशंकर तिवारी, कृष्ण बिहारी तिवारी, शीतला प्रसाद मिश्र, राकेश तिवारी, भगवत प्रसाद पाण्डेय, हरि सागर मिश्र, राधा रमण मिश्र उपस्थित रहे। अध्यक्षता संघ के आअध्यक्ष गिरीश तिवारी एवं संचालन मंत्री विद्या वारिधि मिश्र ने किया। निर्णय लिया गया कि अधिवक्ता विजय मिश्र की गिराफ्तारी के मामले में उचित निर्णय दो अगस्त को पूर्व अध्यक्षगण सहित संघ का डेलीगेशन जनपद न्यायाधीश से मुलाकात कर वार्ता करेगा। साथ ही पुलिस कमिश्नर से भी मुलाकात कर मामले की जानकारी प्राप्त करने के उपरान्त अग्रिम निर्णय लिया जाएगा।

# जहरखुरानी का शिकार हुआ उड़ीसा का युवक



मौत के तीसरे दिन पहुंचे परिजन, 3 महीने पहले नौकरी की तलाश में गया था चेन्नई

**प्रयागराज।** जंक्शन के परिसर में मृत मिले युवक की एक अगस्त को पहचान हो गई। वह उड़ीसा का रहने वाला था और 3 महीने पहले घर से नौकरी की तलाश में चेन्नई गया था। चेन्नई से पुणे और पुणे से विशाखापत्तनम जॉब करने गया था। विशाखापत्तनम के बाद उसका परिवार से संपर्क टूट गया। वह प्रयागराज कैसे पहुंचा यहां उसकी मौत कैसे हुई यह अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है। शाहगंज पुलिस का कहना है कि जहरखुरानी की आशंका है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद स्पष्ट होगा कि उसकी मौत कैसे हुई है। प्रयागराज जंक्शन में 29 जुलाई की रात में एक 45 वर्षीय व्यक्ति की लाश मिली थी। उसके पास एक बैग मिला था। बैग में आई कार्ड और बायोडाटा था। शाहगंज थाना प्रभारी मुदित राय ने शव को पोस्टमार्टम हाउस में रखवा दिया था। आईडी और बायोडाटा के आधार पर उसकी पहचान कराई। 1अगस्त को उसकी पत्नी अनकम्मा रेडी, भाई जगन्नाथ रेडी और अन्य परिवार के लोग पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे। जहां उसकी शिनाख्त बिंगी लक्ष्मेया रेड्डी (45) पुत्र कुलसिया रेड्टी निवासी डंकल पांडू, गोलतरा, गंजम, उड़ीसा के रूप में हुई। भाई जगन्नाथ ने बताया कि उसके दो बच्चे हैं। तीन महीने पहले वह नौकरी की तलाश में चेन्नई गया था। वहा से पुर्ण चला गया था। पुर्ण से विशाखापत्तनम गया था। विशाखापत्तनम जाने के बाद से ही उसका परिवार से संपर्क टूट गया था। वह प्रयागराज कैसे पहुंचा, घरवालों को कुछ नहीं मालूम। शाहगंज थाना प्रभारी मुदित राय का कहना है कि उसके पास कोई पैसा या सामान नहीं मिला था। सिर्फ एक बैग मिला था। जिसमें आईडी और बायोडाटा था। जिससे आशंका है कि वह जहरखुरानी का शिकार हुआ होगा, लेकिन जब तक पोस्टमार्टम रिपोर्ट नहीं आ जाती। कुछ कहा नहीं जा सकता। पोस्टमार्टम हो गया है। परिवार के लोग आज शाम को लाश लेकर उड़ीसा जाएंगे।

# मुट्ठीगंज में छात्रा के कमरे में लगी आग

## फायर ब्रिगेड ने पाया काबू, किताबें, सामान और रुपए जले

**अखंड भारत संदेश**





**प्रयागराज।** मुट्ठीगंज में मंगलवार की शाम को एक छात्रा के कमरे में आग लग गई। दूसरी मंजिल पर स्थित कमरे की आग कीगए लपटें लोगों ने देखी तो शोर मचाया। आसपास के लोग आग बुझाने में जुट गए। फायर ब्रिगेड बुलाई गई। फायर ब्रिगेड और इलाकाई पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। जिसके बाद आग पर काबू पा लिया गया, लेकिन छात्रा की किताबें, सामान, रुपए जल गए। मुट्ठीगंज थाना अंतग्गत मुट्ठीगंज बड़ा चौराहा सरैया गली में विकास जायसवाल का मकान है, जिसे उन्होंने छात्राओं को किराए पर दे रखा है। छात्राओं में से एक लड़की अंजलि है, जो मंगलवार शाम को कोचिंग गई थी। इसी दौरान अचानक उसके कमरे से आग की लपटें उठने लगीं। लोगों ने देखा तो शोर मचाया। फायर ब्रिगेड को सूचना दी। आसपास के लोग आग पर काबू पाने की कोशिश करने लगे। तब तक पुलिस भी आ गई। पुलिस, फायर ब्रिगेड और स्थानीय लोगों ने आग पर काबू पा लिया। इस दौरान पता चलने पर अंजलि भी अपने दोस्त के साथ मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक उसका सारा सामान जलकर नष्ट हो गया था। थाना प्रभारी मुट्रीगंज विपिन यादव ने बताया कि आग को समय रहते बुझा लिया गया। जिससे बड़ी घटना होने से बच गई। सिर्फ एक कमरे का सामान जला, बाकी पूरा मकान सुरक्षित है। आग लगने की अभी स्पष्ट वजह तो नहीं पता चली है, क्योंकि जब आग लगी तो कमरे में कोई नहीं था। आशंका है कि शॉर्ट सर्वकिट की वजह से आग ल्गी होगी।

# मंडल आयुक्त श्री विजय विश्वास पंत ने की महाकुंभ 2025 हेतु परियोजनाओं की समीक्षा बैठक



**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** मंडल आयुक्त श्री विजय विश्वास पंत की अध्यक्षता में महाकुंभ 2025 हेतु सैद्धांतिक स्वीकृति प्राप्त परियोजनाओं की समीक्षा बैठक कार्यालय स्थित गांधी सभागार में संपन्न हुई जिसमें 11 विभागों द्वारा क्रियान्वित की जा रही परियोजनाओं की बिंदुवार समीक्षा की गई।

सर्वप्रथम सेतु निगम द्वारा क्रियान्वित की जा रही विभिन्न परियोजनाओं की प्रगति समीक्षा की गई एवं सेतु बनाने में आ रही समस्याओं पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। इसमें फाफामऊ से पडिला होते हुए कमला नगर मार्ग पर 40 नंबर गोमती के निकट रेलवे क्रॉसिंग पर बनाए जा रहे उपर गामी सेतु, फाफामऊ से शांतिपुरम गोहरी होते हुए सोरांव मार्ग रेलवे क्रॉसिंग संख्या 1सी/2 टी पर बनाए जा रहे उपर गामी सेतु तथा आईआरटी चौराहे, लल्ला चुंगी रेलवे क्रॉसिंग पर बनाए जा रहे उपर गामी सेतु सम्मिलित रहे। बैठक में लोक निर्माण विभाग द्वारा क्रियान्वित की जा रही 14 परियोजनाओं पर भी चर्चा की गई जिसमें विभिन्न सड़कों के चौड़ीकरण एवं सुंदरीकरण जैसे काम सम्मिलित रहे। मंडलायुक्त ने सड़क वार समीक्षा करते हुए कार्यों की प्रगति धीमी पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों को फटकार लगाई एवं मुख्य अभियंता लोक निर्माण विभाग को अपने स्तर पर समीक्षा कर कार्यों की अपेक्षित प्रगति सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त मोतीलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज, स्वास्थ्य विभाग, जल निगम, नगर निगम तथा अन्य विभागों द्वारा क्रियान्वित की जा रही परियोजनाओं पर भी विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। बैठक में मंडल आयुक्त को यह भी अवगत कराया गया की मेला अधिकारी, कुंभ मेला, श्री विजय किरण आनद के स्तर पर प्रोजेक्ट मैनेजमेन्ट यूनिट के आबद्धीकरण हेतु बैठक कराई जा चुकी है जिसमें अर्नेस्ट एण्ड यंग एव केपीएमजी द्वारा तकनीकी प्रस्तुतीकरण किया गया था। साथ ही ग्रीनरी विकसित किये जाने हेतु वन विभाग के साथ प्रयागराज विकास प्राधिकरण, लोक निर्माण विभाग व नगर निगम के अधिकारियों की भी बैठक कराई जा चुकी है।

# विवाहिता की मौत को लेकर हंगामा

**अखंड भारत संदेश**



**प्रयागराज।** मांडा थाना क्षेत्र के पियरी गांव में बीती रात एक विवाहिता की संदिग्ध दशा में मौत हो गयी। परिजन अस्पताल ले गए,लेकिन डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मायके पक्ष के लोगों ने हत्या का आरोप लगाते हुए पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शव अपने कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए एसआरएन प्रयागराज भेज दिया है। मांडा थाना क्षेत्र के पियरी गांव निवासी अजय कुमार मौर्या की पत्नी कंचन मौर्या (28) की बीती रात संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गयी। परिजनों द्वारा विवाहिता को नजदीकी अस्पताल ले जाया गया,परन्तु डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी होते ही कंचन के पिता महा नरायन मौर्या निवासी भटवारी, थाना हलिया, जनपद मिजार्पुर मायके पक्ष के लोगों के साथ पियरी गांव पहुंचे। शव को देखते ही मायके पक्ष ने हत्या का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया। हालांकि कंचन के पति व ससुराल वाले बीमारी से मौत बता रहे हैं।वहीं मायके पक्ष ने हत्या का आरोप लगाते हुए घटना की जानकारी इंस्पेक्टर मांडा अरविंद कुमार गौतम को दी। सूचना पर इंस्पेक्टर मांडा, थाने के एसएसआई राम केवल यादव पुलिस बल के साथ पियरी गाँव पहुंचे। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए एसआरएन प्रयागराज भेजा। कंचन का एक बेटा आयुष पांच वर्ष व एक बेटी आयुषी तीन वर्ष है। इंस्पेक्टर मांडा अरविंद कुमार गौतम ने कहा कि मायके पक्ष की सूचना पर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद अग्रिम कार्यवाई की जाएगी। मृतक के पिता ने हत्या की तहरीर दिया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।



# दरोगा सहित दो के मकान पर चला बुलडोजर

**झूंसी।** कोर्ट के आदेश पर विरोध के बीच आवास विकास कॉलोनी योजना 3 के सेक्टर 4 में स्थित एक दरोगा व आवास विकास के कर्मचारी के मकान पर मंगलवार को आवास विकास द्वारा धवस्तीकरण की कार्यवाही की गई। घंटों चली कार्यवाही के दौरान आस पास के लोगो में भी हड़कंप मचा रहा। विकास कॉलोनी योजना-3 के सेक्टर 4 निवासी कमलेश नारायण पांडे पुलिस विभाग में समय इंस्पेक्टर है। इनके ही पड़ोसी शिवकरण पाल आवास विकास के कर्मचारी हैं। दोनों ने एक दूसरे पर अवैध कब्जे का मामला दर्ज कराया था। कोर्ट के आदेश पर मंगलवार को आवास विकास के एसई राम लखन के नेतृत्व में पहुंची टीम ने दोनों के अवैध निर्माण पर बुलडोजर चलाया कार्रवाई का दोनों परिवारों ने विरोध किया पर मौके पर मौजूद पुलिस के तेवर के आगे किसी की नहीं चली। एसई राम लखन ने बताया कि दोनों लोगों ने अवैध अतिक्रमण किया था और बिना नक्शा पास कराए 4 मंजिला मकान बना लिया था।

### जिंदगी से खिलवाड़ कर रहे वाहन चालक

**प्रयागराज।** मांडा थाना क्षेत्र में प्रमुख चौराहों पर पुलिस की गैरहाजिरी के कारण वाहन चालक लोगों की जिंदगी से खेल रहे हैं। मजबूरी में यात्रियों को भी उनकी मनमानी का शिकार होना पड़ रहा है। स्कूली बच्चों को भूसे की तरह वाहनों में भरा जा रहा है। साथ ही वाहनों के पीछे स्कूली बच्चे लटककर यात्रा कर रहे हैं। अवैध टेंपों, बस और जीप स्टैंडों पर जब तक क्षमता से अधिक सवारियां नहीं भर ली जातीं, तब तक दूसरे वाहन को मौका नहीं मिलता है। कोई आसपास से गुजर रहे वाहनों को रोकना भी चाहे तो स्टैंड संचालक झगड़ा करने पर अमादा हो जाते हैं। मंगलवार सुबह भारतगंज एवं दिघिया बाजार में टेंपो, माल वाहक पर जिंदगी जोखिम में डालकर स्कूली बच्चों समेत सवारियां बैठाई गईं। इसकी किसी ने तस्वीर खींच कर सोशल मीडिया पर वायरल कर दी। लोगों का कहना है कि अवैध स्टैंडों को पुलिस का संरक्षण प्राप्त है। इसी वजह से इस तरह वाहन दौड़ाए जा रहे हैं।

# बेथनी एजुकेशनल सोसायटी ने मनाया हीरक जयंती समारोह

**अखंड भारत संदेश**



**नैनी।** नैनी बेथनी कॉन्वेंट स्कूल नैनी, प्रयागराज में बेथनी एजुकेशनल सोसायटी के स्वर्णिम 75 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में प्लेटिनम जुबली हीरक जयंती के भव्य समापन समारोह का आयोजन अत्यंत धूमधाम से किया गया, जिसमें प्रयागराज के नवनिर्वाचित बिशप लुईस मस्करेनस को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया कार्यक्रम सायंकाल 5:00 बजे प्रारंभ हुआ 'अतिथि देवो भवः' इसी परंपरा को निभाते हुए विद्यालय की प्रधानाचार्या सिस्टर डॉ शमिता द्वारा मुख्य अतिथि लुईस मास्करेनस, सीबीएससी प्रयागराज के क्षेत्रीय अधिकारी ललित , पैरिस पुजारी फादर यूजीन मस्करेनस, नवसदन टीम वाराणसी के सहायक निदेशक श्रद्धेय फादर जस्टिन, बेथनी एजुकेशनल सोसाइटी पूर्वी प्रांत की कारपोरेट मैनेजर डॉ सिस्टर जेसी मारिया,प्रांतीय प्रबंधक एवं परामर्शदात्री सिस्टर क्रिस्टीन, तथा सभी गणमान्य अतिथियों को पुष्पगुच्छ देकर उनका स्वागत किया गया छात्रों द्वारा बैंड बजा कर अतिथियों का हार्दिक अभिनंदन किया गया मुख्य अतिथि बिशप श्रद्धेय लुईस मस्करेनस, फादर जस्टिन, कॉरपोरेट मैनेजर सिस्टर डॉ जेसी मारिया, तथा सिस्टर क्रिस्टीन द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ ही समारोह मंच का उद्घाटन किया गया प्रधानाचार्य सिस्टर शमिता द्वारा मुख्य अतिथि नवनिर्वाचित बिशप लुईस मस्करेनस, व कारपोरेट मैनेजर डॉ सिस्टर जेसी मारिया को स्मृति चिन्ह व शॉल प्रदान कर उन्हें सम्मानित किया समारोह मंच से साइंस ओलंपियाड फाउंडेशन द्वारा जिला स्तर पर बेथनी विद्यालय की प्रधानाचार्य सिस्टर डॉक्टर शमिता को बेस्ट प्रिंसिपल अवार्ड से सम्मानित किया मुख्यमंत्री व कारपोरेट मैनेजर डॉ जेसी मारिया द्वारा विद्यालय के वर्ष 2023 में कक्षा 10 के छात्रों (अंतरिक्ष सेन,आन्या सिंह,सानिध्य मिश्रा, अनुप्रिया सिंह,तनय श्रीवास्तव, व कक्षा 12 की बोर्ड की परीक्षा में सर्वोत्तम अंक प्राप्त करने वाले प्रतिभाशाली छात्रों युवराज सिंह, प्रियांशु भव्या सिंह आदि ) को तथा 16 वीं नेशनल ग्राफिक चैंपियनशिप विजेता एशलीन बी जॉन को, अंतरराष्ट्रीय शतरंज प्रतियोगिता में 7 वर्ष की आयु वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली अनुप्रिया यादव को, इंडो नेपाल बैडमिंटन चैंपियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए स्वर्ण पदक पाने वाले छात्र को प्रमाण पत्र देकर उनका अभिनंदन किया प्रधानाचार्या सिस्टर डॉ शमिता द्वारा मंच से बेथनी एजुकेशनल सोसाइटी के उद्देश्य को स्पष्ट किया गया कि सोसाइटी का उद्देश्य छात्रों को शिक्षित कर उनका सर्वांगीण विकास करना उन्हें भावी आनंदमय, सुखमय व परिपूर्ण जीवन जीने के लिए तैयार करना हैं उन्हें एक आदर्श नागरिक बनाना हहै छात्रों द्वारा प्रार्थना गीत, स्वागत गीत तथा नृत्य नाटिका द्वारा 'जीवन की परिपूर्णता' का सन्देश प्रसारित किया गया विद्यालय का प्रांगण तालियों की ध्वनि से गूंज उठा मुख्य अतिथि द्वारा मंच से जनता को संबोधित किया गया समारोह के अंत में मुख्य अतिथि, कॉरपोरेट मैनेजर डॉ सिस्टर जेसी मारिया, विद्यालय की प्रधानाचार्या सिस्टर डॉ शमिता द्वारा बेथनी एजुकेशनल सोसाइटी के 'हीरक जयंती' के प्रतीक स्वरुप गुब्बारों को उड़ाकर बेथनी एजुकेशनल सोसायटी की उपलब्धियों और छात्रों की प्रगति का संदेश प्रसारित किया। इस अवसर पर उप प्रधानाचार्या सिस्टर सीमा, हेडमिस्ट्रेस सिस्टर सबीना, सिस्टर मारीक्लेयर शिक्षक गण एवं अभिभावक गण उपस्थित रहे।

# रामपुर खास में होते रहेंगे ऐसे ही विकास कार्यः मोना

### सड़क तथा पेयजल समेत करोड़ो की परियोजनाओं की दी सौगात

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** विधायक एवं कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना ने मंगलवार को क्षेत्र में लोगों को सड़क तथा स्वास्थ्य एवं पुल पेयजल समेत ग्रामीण विकास से जुडी एक करोड़ चार लाख दस हजार लागत की सौगातें सौपी।

विधायक के द्वारा विकास से जुडी जरूरतमंद परियोजनाओं की सौगात पाकर ग्रामीणों के चेहरे खिल उठे दिखे। विधायक आराधना मिश्रा मोना ने स्वयं तथा



जनसभा को संबोधित करती विधायक आराधना मिश्रा मोना।

राज्य सभा सदस्य प्रमोद तिवारी के प्रयास से रामपुर दाबी में प्राथमिक विद्यालय से राजा बासू गेट तक दो सौ मीटर तक ग्यारह लाख साठ हजार लागत की सीसी रोड की समारोहपूर्वक आधारशिला रखी। यहां आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए विधायक आराधना मिश्रा मोना ने ग्रामीणों के लिए रामपुर दाबी पानी की टंकी विस्तारीकरण योजना के तहत पचास लाख लागत से हर घर तक पाइप लाइन की भी सौगात सौपी। उन्होने कहा कि रामपुर खास के उज्वल विकास का दर्पण सदैव चमकता रहेगा। उन्होने कहा कि क्षेत्र मे अमन व शांति को सदैव प्राथमिकता देते हुए आत्मनिर्भर विकास के लिए वह तथा प्रमोद तिवारी मिलकर सभी महत्वाकांक्षी योजनाएं यहां प्रभावी बनाती रहेंगी।

जनसभा का संयोजन प्रधान सुमन यादव व विपश्नि लाल यादव एवं संचालन डा. नन्हें लाल यादव ने किया। इसके बाद विधायक मोना ने रजैसा से रतनपुर महेशपुर सड़क मरम्मत के लिए तैंतीस लाख रुपए की परियोजना की आधारशिला रखी। उन्होने सगरा रजबहा पर दिनऊ का पुरवा के सामने तेरह लाख की लागत से बनने वाले नहर पर पुल की भी आधारशिला रखी। इस मौके पर प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी, मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल, भुवनेश्वर शुक्ल, जिपंस लालजी यादव, जिपंस रघुनाथ सरोज, आशीष तिवारी, राकेश चतुवेर्दी, आशीष उपाध्याय, शैलेन्द्र निर्मल, सोनू तिवारी, नन्हें लाल धुरिया, जीत लाल पटेल, मुन्ना लाल मौर्य, रविशंकर शुक्ला, सुनीता गौतम, मुन्ना सिंह, श्री नारायण तिवारी, हिमांचल तिवारी, निसार अहमद आदि रहे।

# नई शिक्षा नीति व पुरानी पेंशन बहाली को लेकर शिक्षकों ने किया प्रदर्शन

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** अखिल भारतीय विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय शिक्षक संघ के आह्वान पर जनपद के उच्च शिक्षण संस्थानों में नई शिक्षा नीति को वापस लेने तथा पुरानी पेंशन बहाल करने को लेकर शिक्षकों ने विरोध प्रदर्शन किया। एमडीपीजी कॉलेज में शिक्षकों को संबोधित करते हुए उत्तर प्रदेश विश्वविद्यालय महाविद्यालय शिक्षक संघ (फुपुक्टा) के महामंत्री प्रो प्रदीप कुमार सिंह ने कहा नई शिक्षा नीति 2020 पूरी शिक्षा व्यवस्था को पंगु कर रही है। यह नीति जबरदस्ती व एकतरफा थोपी गई है। इससे निजीकरण, निगमीकरण एवं बाजारीकरण को प्रश्रय मिल रहा है। पूरे वर्ष केवल परीक्षाएं हो रही हैं।

नई शिक्षा नीति के नाम पर बेतहाशा फीस वृद्धि हो रही है जिससे शिक्षा पूर्व से महंगी हो गई और गरीबों के लिए आगे की पढ़ाई जारी कर पाना संभव नहीं है। इतना ही नहीं पिछले वर्ष के आंकड़े बताते हैं कि उच्च शिक्षा में संपूर्ण देश में प्रवेश में 8ः की गिरावट दर्ज हुई जो बेहद चिंताजनक है। इस व्यवस्था से तदर्थवाद को प्रश्रय मिल रहा है जिससे गुणात्मक शिक्षा का ह्रास हुआ है। प्रोफेसर सिंह ने प्रदेश भर के शिक्षकों का आह्वान किया कि वे 13 सितंबर को दिल्ली में आयोजित महारैली में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर सरकार की इन नीतियों का प्रतिरोध करें। एमडीपीजी कॉलेज इकाई शिक्षक संघ के अध्यक्ष प्रो अरुण कुमार तिवारी ने एआईफुक्टो की मांगों के प्रति अपना समर्थन जताया एवं पुरानी पेंशन बहाल करने की मांग की। कार्यक्रम को प्रो पीयूष कांत शर्मा, डॉ सी एन पांडेय, डॉ संतोष कुमार पांडे आदि ने संबोधित किया।

# जमीनी विवाद में हुई मारपीट में आधा दर्जन जख्मी

अखंड भारत संदेश

**पट्टी, प्रतापगढ़।** कोतवाली इलाके के रेडीगारापुर गांव में जमीनी विवाद में पड़ोसियों ने कुनबे को लाठी-डंडों से पीटकर घायल कर दिया, जिसमें 6 लोगों को गंभीर चोटे आई पीड़ित ने प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है।

कोतवाली क्षेत्र के रेडीगारापुर गांव के रहने वाले सभाजीत का आरोप है कि मंगलवार की सुबह 10.30 बजे के आसपास उसके पड़ोसियों ने उसके भूमिधरी जमीन से रास्ता ले जाना चाह रहे थे, पीड़ित द्वारा मना करने पर दर्जन भर आरोपी घर पर आ धमके और पूरे कुनबे की पिटाई करने लगे इस मारपीट में सभाजीत अरुण राम आसरे, अजय ,अतुल, ज्ञान प्रकाश, कुंदन को घायल कर दिए। पीड़ित ने प्रार्थना पत्र देकर आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस तहरीर के आधार पर जांच पड़ताल में जुटी हुई है।

### रास्ते के विवाद को लेकर खूनी संघर्ष, तीन घायल

उधर कोतवाली इलाके के महरूपुर गांव में रास्ते के विवाद को लेकर दो पक्षों में खूनी संघर्ष हो गया, जिसमें एक पक्ष से तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस घायलों को सीएससी पट्टी में कराया भर्ती कराया है। जहां पर उनका इलाज चल रहा है। कोतवाली क्षेत्र के महरूपुर गांव के रहने वाले रमेश पुत्र बाबूलाल शर्मा का आरोप है कि उसके पड़ोसियों ने सार्वजनिक रास्ते पर अतिक्रमण कर लिए थे, जिसका विरोध करने पर पड़ोसियों ने एक राय होकर मारने पीटने लगे। यह देख घर के मनजीत व शिवपूजन बचाने के लिए आए तो उन्हें भी लाठी-डंडों से जमकर पिटाई कर दी। जिससे तीनों लोग लहूलुहान हो गए लोगों के बीच-बचाव से किसी तरह तीनों की जान बची। वहीं सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस पहुंच कर घायलों को पट्टी सीएससी लेकर आई जहां पर तीनों का इलाज चल रहा है। पीड़ितों ने प्रार्थना पत्र देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पुलिस तहरीर के आधार पर जांच पड़ताल में जुटी हुई है।

# ग्राम पंचायत सचिवों ने काली पट्टी बांध कर किया धरना प्रदर्शन

### खण्ड विकास अधिकारी की कार्यशैली से हैं खफा



काली पट्टी बांधकर विरोध जाते ग्राम पंचायत सचिव।

अखंड भारत संदेश

**परियावां, प्रतापगढ़।** प्रदेश की योगी सरकार से ब्लाक मुख्यालय बिहार के जिम्मेदार खंड विकास अधिकारी को तनिक भी भय नही है जो खुलेआम अपने ही विभाग के ग्राम पंचायत सचिवों व तकनीकी सहायको के साथ अभद्रता व शोषण कर रहे है जिसकी चिंगारी मंगलवार को ब्लाक मुख्यालय कालाकांकर पहुंच गई जहां के ग्राम पंचायत सचिवों व तकनीकी सहायको ने बिहार ब्लाक मे ग्राम पंचायत सचिवों व तकनीकी सहायको के साथ हो रही अभद्रता गाली गलौज शारीरिक मानसिक शोषण को लेकर ब्लाक कालाकांकर के ग्राम पंचायत सचिवो व तकनीकी सहायको ने सामूहिक रूप से ब्लाक परिसर के अंदर पंचायत कार्यालय के बाहर काली पट्टी बांध कर धरना प्रदर्शन किया।

धरना प्रदर्शन मे बिहार ब्लाक के खंड विकास अधिकारी द्वारा ग्राम पंचायत सचिवों व तकनीकी सहायकों के साथ निरंतर दुर्व्यवहार, गाली गलौज, शारीरिक, मानसिक एव आर्थिक शोषण से आजिज आकर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया और कहा कि बिहार ब्लाक के ग्राम पंचायत सचिव व तकनीकी सहायक के साथ गाली गलौज अभद्रता शोषण कतई बर्दाश्त नही करेंगे जिसके लिये हम लोग हर लड़ाई लड़ने को तैयार हैं। बिहार ब्लाक मे हो रहे कर्मचारियों के साथ शोषण अभद्रता को लेकर आक्रोश दिखाई देने लगा है। धरना प्रदर्शन मे ग्राम पंचायत सचिव सुशील कुमार जायसवाल, अनुराग यादव, आफताब अहमद, शशिकांत सिंह, राम प्रताप यादव, श्रीराम, कु0 ज्योति, प्रभांशु पांडे, ब्यास कुमार मौर्य, अभिषेक शुक्ला, रविशंकर सोनकर, सुनील कुमार सिंह, योगेश चन्द, सत्यनारायन तकनीकी सहायक आदि लोग मौजूद रहे।

## दूसरे दिन भी चला कर्मचारियों का धरना

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** खण्ड विकास अधिकारी बिहार की मनमानी कार्यवाही व कर्मचारियों के साथ दुर्बयव्हार से आजिज आये अधिकारियों कर्मचारियों ने सोमवार से अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन शुरू किया। जो दूसरे दिन मंगलवार को भी जारी रहा। जबकि बीडीओ बिहार भी ब्लाक मुख्यालय से नदारत रहे। हड़ताली लोगो ने बताया कि बीडीओ के जनपद के बाहर तवादले तक यह आंदोलन जारी रहेगा। बता दें कि बीडीओ बिहार अश्वनी सोनकर की कार्यशैली को लेकर ब्लाक में तैनात ग्राम विकास व ग्राम पंचायत अधिकारियों तकनीकी सहायकों व सफाई कर्मियों में आक्रोश बना हुआ है।

# वार्डो में सफाई, एंटी लार्वा का छिड़काव व फागिंग के साथ हुआ अभियान का समापन

## देर रात तक धुआं उड़ाती गाड़ियां करती रही फागिंग

### शहरवासियों को मिल रहा क्लोरीनयुक्त पेयजल

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** संचारी रोग अभियान के समापन अवसर पर शहर के 25 वार्डो में साफ-सफाई, झाड़ियों की कटाई, एंटी लार्वा का छिड़काव एवं फागिंग का कार्य नगर पालिका द्वारा किया गया। यह जानकारी देते हुए नगर पालिका के सफाई निरीक्षक संतोष कुमार सिंह ने बताया कि शहर में एक जुलाई से 31 जुलाई तक चलाये गये संचारी रोग अभियान में नगर पालिकाध्यक्ष हरिप्रताप



शहर में फागिंग का धुआं उड़ाती नगर पालिका की गाड़ियां।

सिंह व ईओ राम अचल कुरील के निर्देषन में एक कार्य योजना के तहत शहर को साफ-सुथरा करने का अभियान सौ प्रतिषत सफल रहा है।कल देर रात तक धुआ उड़ाती गाड़ियां पूरे शहर में फागिंग करती रही। इसी प्रकार नाले-नालियों में एंटी लार्वा का छिड़काव किया गया जिससे संक्रामक कीटाणुओं को समाप्त किया जा सके। पूरे माह में शहरवासियों को क्लोरीनयुक्त पेयजल उपलब्ध कराया गया। बताया गया कि अभियान के समापन पर नगर पालिका ने साफ-सफाई व एंटी लार्वा के छिड़काव में पूरी ताकत लगा दी थी। इस संचारी रोग अभियान का साप्ताहिक समीक्षा भी कराई गई। डब्ल्यूएचओ व यूनिसेफ अलग-अलग नगर पालिका के इस कार्यो की साप्ताहिक समीक्षा कर रहे थे। अभियान की सफलता पर नगर पालिका के अधिकारी व कर्मचारी खुश दिखाई दिये।

### कल मनेगी पं. मुनीश्रदत्त उपाध्याय की जयंती

**प्रतापगढ़।** शिक्षा जगत के मावलीय, लौहपुरुष, कुशल शिक्षाविद्, महान स्वतंत्रता सेनानी पं0 मुनीश्वरदत्त उपाध्याय का जन्म दिवस समारोह 3 अगस्त को ग्रामीण इंटर कालेजेज, उच्चतर माध्यमिक विद्यालय प्रतापगढ़ के समस्त विद्यालय में पंडित जी के चित्र पर माल्यार्पण करते हुए उनके व्यक्तित्व व कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए मनाया जाएगा। इस मौके पर वृक्षारोपण भी किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए समस्त विद्यालयों के अध्यक्ष डा0 प्रशांत शुक्ल ने बताया कि जन्मदिवस समारोह की पूर्व संध्या पर 2 अगस्त को ट्रेजरी चौराहे पर महामना पंडित जी की मूर्ति पर सायं छह बजे संस्था के संरक्षक श्याम किशोर शुक्ल द्वारा माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन किया जाएगा। यह जानकारी लोकमान्य तिलक इंटर कालेज के प्रधानाचार्य ने दी।

# दिव्यांगों के लिए आवासीय विद्यालय की मांग हुई पूरी

### अक्षम बालकों का राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बढ़नी का हुआ शुभारंभ

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** दिव्यांगजन बच्चों के लिए आज विद्यालय के मुख्य द्वार का फीता काटकर एवं मां सरस्वती का विधिवत पूजन अर्चन कर इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विकलांग बंधु के सदस्य रोशनलाल उमरवैश्य ने शुभारंभ किया तो वहीं समाज के कर्णधार और प्रधानाचार्य नारायण यादव ने पुष्प अर्पण कर बच्चो का प्रवेश करवाया तथा सरस्वती मां की पूजा अर्चना कर बच्चो के कल्याण व उन्नति के लिए प्रार्थना किया गया।

मुख्य अतिथि रोशनलाल उमरवैश्य ने कहा कि करीब 20 वर्षो से लगातार विकलांग बंधु की बैठकों में दिव्यांग बच्चों के लिए आवासीय विद्यालय की मांग की जा रही थी जो आज सफल हुई और आज दिव्यांग बच्चों को नया आवासीय भव्य भवन मिल



बच्चों को लोवर टीशर्ट देते मुख्य अतिथि।

गया। एक विद्यालय हजारो मन्दिर मस्जिद गुरुद्वारे आदि से पवित्र होता है क्योंकि वहां ज्ञान की देवी का वास होता है और बच्चो के भविष्य का निर्माण होता है। प्रधानाचार्य व कार्यक्रम अध्यक्ष नारायण यादव ने अपने अतीत और संघर्ष को याद करते हुए कह उठे कि अंधेरे को खत्म करने के लिए एक दीपक काफी है, जीवन को श्रेष्ठ बनाने के लिए एक गुरु काफी हैं। कार्यक्रम का संचालन डॉ० सुनील बिझला ने किया। इस मौके पर अतिथि रोशनलाल उमरवैश्य और अध्यक्ष नारायण यादव, परमानंद मिश्रा ने सभी बच्चों को लोवर, टीशर्ट के साथ स्पेशल रसमलाई(मीठा) खिलाकर आशिर्वाद दिया। इस अवसर पर परमानंद मिश्रा, अमिता कुशवाहा (स०अ०), वरिष्ठ सहायक अनिरुद्ध नारायण तिवारी, विवेक यादव, हर्ष सिंह, शंकर लाल, संजय शर्मा आदि मौजूद रहे।

# गांव की बाग में छात्रा के शव का हुआ अंतिम संस्कार, लोडर चालक पर केस दर्ज

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** लोडर वाहन की टक्कर से मैजिक पर सवार छात्रा की मौत तथा दर्जन भर बच्चों के घायल होने की घटना को लेकर पतुलकी गांव में मंगलवार को भी मातम रहा। मृतक के परिजन छात्रा के शव का गांव के बाग में नम आंखों से अंतिम संस्कार किया। वहीं घायलों की हालत खतरे से बाहर बतायी गयी है। लालगंज तहसील के लीलापुर थानान्तर्गत लक्ष्मणपुर के समीप सोमवार की सुबह बाबूगंज स्थित साधुरी शिरोमणि ग्रुप आफ ऐजुकेशन स्कूल के लिए मैजिक पतुलकी गांव से बच्चों को लेकर निकली थी। लक्ष्मणपुर बाजार के समीप महर्षि विद्यालय मोड के पास सामने से आ रही लोडर ने स्कूली मैजिक को जोरदार टक्कर मार दिया था। जिससे मैजिक पर सवार पतुलकी निवासी उमेश सरोज की पुत्री मानसी समेत तेरह बच्चे घायल हो गये थे। लालगंज ट्रामा सेण्टर पर चिकित्सकों ने गंभीर रूप से घायल मानसी को मृत घोषित कर दिया था। पोस्टमार्टम के बाद सोमवार की देर शाम मानसी का शव घर लाया गया। मंगलवार सुबह साढ़े दस बजे परिजनों ने गांव के बाग में छात्रा के शव को नम आंखों से दफन किया। छात्रा की मौत को लेकर गांव में मातम का माहौल बना हुआ है। मृत छात्रा मानसी की मां रेनू व पिता उमेश समेत परिवार के लोगों का रो रो कर बुराहाल है। इधर दुर्घटना में घायलों की हालत खतरे से बाहर है। एसओ सुभाष यादव ने बताया कि मृतका के चाचा राज सरोज की तहरीर पर लोडर चालक सहरयार आलम पुत्र अब्दुल अजीज निवासी राजापुर बाजार थाना महेशगंज के खिलाफ गैरइरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया है।

## स्कूल प्रशासन की लापरवाही से बह रहा है छात्रों का लहू

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** स्कूल संचालकों की मनमानी पर प्रशासन व अभिभावकों की खामोशी ही दुर्घटना का कारण बन रही है। प्रशासन से कहीं अधिक बच्चो के संरक्षक खुद के बच्चो के प्रति गैर जिम्मेदार दिखाई दे रहे है। जिले भर में सैकड़ों स्कूल संचालित हो रहे हैं। वहीं विद्यालय प्रशासन की इस मनमानी पर प्रशासन के साथ ही अभिभावक भी खामोश बना हुआ है, जिसका नतीजा ही है कि सड़क दुर्घटना का कारण बनता जा रहा है।

अभिभावक जब बच्चो को स्कूल वैन पर बैठता है तो यह नहीं देखता की 3 व 5 की क्षमता वाले वाहन पर तीन गुना बच्चे बैठाए जा रहे है। वह बच्चों का किराया स्कूल के हिसाब से देता है, लेकिन विद्यालय के जिम्मेदार मनमानी करते हुए नियमो को तोड़ते है और वही अभिभावक चुप-चाप खामोश बना रहता है। यही मनमानी से ही आए दिन दुर्घटनाएं होती है जिसमे दर्जनों मासूमों का लहू बह रहा है। प्रशासन भी निजी स्कूल संचालकों की मनमानी व अमानक को जानते हुए भी अनजान बना रहता है।

# पर्यावरण सन्तुलन बनाये रखने के लिये अधिक से अधिक करें वृक्षारोपण

### लायन्स क्लब प्रतापगढ़ हर्ष द्वारा हुआ वृक्षारोपण

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** पर्यावरण सन्तुलन बनाये रखने के लिये अधिक से अधिक वृक्षारोपण आवश्यक है। मानव जाति का अस्तित्व वृक्षों पर निर्भर करता है। मानव जीवन में वृक्षों का बहुत बड़ा महत्व है। वृक्षारोपण की कमी से हमारा पर्यावरण दूषित होता जा रहा है जिससे मानव जीवन को अनेक समस्याओं का सामना करना पड़ा रहा है। यह विचार आज यहां विद्या बिहार (चकबनतोड़) सरस्वती शिशु मन्दिर के सामने वृक्षारोपण के दौरान लायन्स क्लब हर्ष के अध्यक्ष लायन के0बी0 सिंह ने व्यक्त किये।

इस अवसर पर पर्यावरण गोष्ठी के मुख्य वक्ता लायन डा0 एस0के0 पाण्डेय ने कहा कि हमारे जीवन में पानी व भोजन का जितना महत्व है उतना ही महत्व हमारे जीवन में पेड़ पौधों का है। हम अधिक से अधिक वृक्ष रोपित कर पर्यावरण सन्तुलन बनाये रखने में सहयोग कर सकते है। उन्होने कहा कि हमें आने वाली पीढ़ी को वृक्षारोपण के प्रति जागरूक करना होगा। इस अवसर पर लायन्स क्लब के डायरेक्टर वरिष्ठ लायन सतीश शर्मा तथा



सरस्वती शिशु मंदिर के सामने वृक्षारोपण करते क्लब के पदाधिकारी

प्रशासक लायन सन्तोष भगवन ने भी गोष्ठी को सम्बोधित किया तथा वृक्षारोपण की महत्ता पर प्रकाश डाला। उन्होने लायन्स क्लब के सभी पदाधिकारियों/सदस्यों का आवाहन किया कि वे अपने पास-पड़ोस में जनसामान्य को वृक्षारोपण के प्रति जागरूक कर अधिक से अधिक वृक्षरोपित करायें जिससे पर्यावरण सन्तुलन बना रहे। इस अवसर पर सभी वक्ताओं ने वृक्षारोपण कार्यक्रम को जन आन्दोलन बनाने पर बल दिया। कार्यक्रम के प्रारम्भ में लायन्स क्लब हर्ष के निदेशक लायन सतीश शर्मा, प्रशासक लायनं सन्तोष भगवन, अध्यक्ष लायन कुंवर बहादुर सिंह, सचिव लायन राजेश बहादुर पाल, कोषाध्यक्ष लायन अरविन्द सिंह, लायन आलोक सिंह, लायन लालजी चैरसिया, लायन क्षितिज श्रीवास्तव, लायन आशुतोष त्रिपाठी, लायन अनिल पाण्डेय, लायन डा0 एस0के0 पाण्डेय, लायन आर0बी0 सिंह, लायन सुभाष सोनी, क्लब की प्रथम महिला लायन विनीता सिंह तथा क्षेत्र की प्रतिमा त्रिपाठी, प्रमोद प्रजापति, अनुराग प्रजापति आदि ने वृक्ष रोपित किया तथा वृक्षारोपण की महत्ता पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के संयोजक लायन आशुतोष त्रिपाठी ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होने बताया कि आज जो पौध रोपित किये गये है उनमें अमरूद, नीबू, आंवला, आम, बेल, नीम, जामुन आदि को प्रमुखता दी गयी।

## मारपीट में घायल की मौत पर परिजनों में मचा कोहराम

### धरना देकर जताया विरोध, पुलिस के आला अधिकारी मौके पर पहुंचे

अखंड भारत संदेश

**पट्टी, प्रतापगढ़।** पड़ोसी के घर कुत्ता जाने के विवाद को लेकर तीन दिन पहले पड़ोसियों से जमकर मारपीट हुआ था जिसमें एक अधेड़ गंभीर रूप से घायल हो गया था, जिनका इलाज स्वरूप रानी अस्पताल में चल रहा था।

मंगलवार की सुबह इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई, जिससे आक्रोशित परिजन दरवाजे के सामने पर शव रखकर आरोपियों की गिरफ्तारी व अपनी सुरक्षा की मांग को लेकर मांग करना शुरू कर दिया। सूचना पर पुलिस के आला अधिकारी पहुंचे मौके पर परिजनों को समझाया बुझाया। कंधई थाना क्षेत्र के वारीखुर्द गांव के रहने वाले लालजी वर्मा (45) पुत्र मानिकचंद का पड़ोसियों से शनिवार की पड़ोसियों से कुत्ते के विवाद को लेकर मारपीट हो गया था। इस मारपीट में कुल 4 लोग घायल हुए थे जिसमें गंभीर रूप से घायल लालजी का इलाज प्रयागराज के स्वरूप रानी अस्पताल में चल रहा था जहां पर उनकी मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही परिजनों में आक्रोश पनप गया और शव को घर के दरवाजे पर रखकर विरोध जताने शुरू कर दिया। इसकी सूचना मिलते ही पुलिस के आला अधिकारी मौके पर पहुंचकर परिजनों को समझाने का प्रयास करने लगे। मृतक के छह पुत्री एक बेटा हैं। एक पुत्री की शादी हो चुकी है जबकि प्रिया 28 वर्ष प्रियांशु 24 साल प्रिया 22 साल उत्तम 20 वर्ष प्रिंसी 18 वर्ष का रो रो कर बुरा हाल है। वहीं पर परिजनों का आरोप है कि कंधई थाने में आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। जिसमें आरोपी नीतीश उर्फ निक्की, आशीष वर्मा पुत्र सुरेश वर्मा आदर्श उर्फ शनि पुत्र मानिकचंद, वारी खुर्द गांव के रहने वाले हैं पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। मामले में थाना अध्यक्ष कंधई धीरेंद्र ठाकुर से बात किया गया तो उन्होंने बताया कि दो को गिरफ्तार किया गया है जिनका नाम नितेश व आशीष है दोनो की गिरफ्तारी हुई है और आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए टीम गठित की गई है जल्दी ही सभी आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया जाएगा। समाचार लिखे जाने तक शव को घर के दरवाजे के सामने रखकर परिजन मांगो को लेकर अड़े थे। मौके पर पुलिस के आला अधिकारी मौजूद है।

## खबर संक्षेप

### अपर पुलिस अधीक्षक ने किया पैदल गस्त

**कौशाम्बी।** जनपद में शांति,सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने तथा आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत अपर पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी द्वारा थाना मंझनपुर पुलिस बल के साथ कस्बा मंझनपुर में मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों में पैदल गश्त कर कानून और सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया एवं आमजनमानस से वार्ता कर सुरक्षा का भरोसा दिलाया। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक थाना मंझनपुर भी मौजूद रहे।

**इसी प्रकार** जनपद में शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के दृष्टिगत थाना मंझनपुर कोखराज सैनी चरवा महेवाघाट पिपरी मोहब्बतपुर पइंसा पश्चिम शरीरा करारी सहित विभिन्न थाना पुलिस ने पुलिस फोर्स के साथ मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों में पैदल गश्त किया तथा आमजनमानस से वार्ता कर सुरक्षा का भरोसा दिलाया गया व संदिग्ध व्यक्ति वाहनों की पुलिस द्वारा चेकिंग की गयी।

### महिला पुलिस ने किया जागरूक

**कौशाम्बी।** महिला थाना पुलिस टीम द्वारा महिलाओं बालिकाओं को नारी सुरक्षा स्वावलंबन की दिशा में चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान के तहत क्षेत्र में भ्रमण कर उनकी समस्याओं को सुना व महिला सुरक्षा संबंधी हेल्पलाइन नंबरों के बारे में महिलाओं बालिकाओं को जागरूक किया।

# थाना स्तर पर ही समयबद्ध, गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण करें सुनिश्चित : एसपी

## पुलिस कार्यालय में एसपी ने फरियाद सुनकर अधीनस्थों को निस्तारण के दिए निर्देश

अखंड भारत संदेश



**कौशाम्बी।** पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा प्रतिदिन की भांति पुलिस कार्यालय में जनतादर्शन में जनसुनवाई कर जनसामान्य की समस्याओं को सुना गया तथा सम्बन्धित को दिये आवश्यक निर्देश। पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा पुलिस कार्यालय में जनसुनवाई की गई इस दौरान पुलिस कार्यालय में आने वाले फरियादियों जनसामान्य की समस्याओं को गम्भीरता पूर्वक सुना गया तथा उनकी समस्याओं के समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए जिसमें पुलिस अधीक्षक द्वारा प्राप्त शिकायतों के सम्बन्ध में मौके पर जाकर शिकायतों की तत्काल, निष्पक्ष जांच कर विधिक निस्तारण सुनिश्चित करने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया तथा शिकायतकर्ता से समय-समय पर जनसामान्य की समस्याओं के निस्तारण के सम्बन्ध में फीडबैक लिये जाने सम्बन्धी आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी थानों को सचेत किया गया कि जनसुनवाई महिला हेल्पडेस्क को और अधिक प्रभावशाली बनाये ताकि पीड़ित/शिकायतकर्ता को अनावश्यक रुप से अपने थाने से इतनी दूर पुलिस कार्यालय आने की आवश्यकता न हो, साथ ही सभी प्रभारी निरीक्षक थानाध्यक्ष को यह भी निर्देश दिये गये कि जिस समस्या का समाधान थाना स्तर से हो सकता है उनका समाधान थाना स्तर पर ही समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर कराना सुनिश्चित करें।

### विवादित जमीन का निर्माण न रोकने पर चौकी इंचार्ज लाइन हाजिर

**कई दिन बीत जाने के बाद आरोपियों की गिरफ्तारी भी थाना पुलिस नहीं कर सकी**

**कौशांबी।** मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के नारा गांव में जमीनी विवाद रोकने के लिए उप जिलाधिकारी सिराथू ने मंझनपुर कोतवाली पुलिस को निर्देश दिया था लेकिन मंझनपुर कोतवाली पुलिस विवादित जमीन पर निर्माण नहीं रोक सकी बताया जाता है कि कथित भाजपाई नीरज मोदनवाल जबरिया दूसरे की जमीन पर कई दिनों से निर्माण कर रहे थे जिस पर उप जिला अधिकारी सिराथू ने निर्माण रोकने का निर्देश 19 जुलाई और 25 जुलाई को दिया था लेकिन उप जिलाधिकारी के दोनों निर्देश के बाद पुलिस ने निर्माण नहीं रोका अवैध निर्माण को रोकने गुरुवार को दूसरे पक्ष के नरेश चंद्र मौके पर पहुंच गए जिससे दोनों पक्षों में जमकर मारपीट हुई इस हमले में दर्जनों लोग घायल हुए मामले का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ दोनों पक्षों की तहरीर पर थाना पुलिस ने दर्जनों लोगों के विरुद्ध गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया लेकिन कई दिन बीत जाने के बाद आरोपियों की गिरफ्तारी भी थाना पुलिस नहीं कर सकी मामले को पुलिस अधीक्षक ने गंभीरता से लिया और नारा पुलिस चौकी इंचार्ज धीरज जायसवाल को लाइन हाजिर करने का निर्देश पुलिस अधीक्षक ने दिया है।

## न्यूज झरोखा

### अपर पुलिस अधीक्षक ने ली परेड में सलामी



**कौशाम्बी।** अपर पुलिस अधीक्षक समर बहादुर द्वारा पुलिस लाइन में (परेड ग्राउंड में पानी भर जाने के कारण) मंगलवार की परेड की सड़क पर सलामी ली गयी तथा परेड का निरीक्षण किया गया तदुपरान्त निरीक्षण के दौरान महोदय द्वारा परेड में उपस्थित समस्त पुलिसकर्मियों के टर्नआउट का अवलोकन कर बेहतर टर्नआउट मेंटेन करने हेतु निर्देशित किया गया। बरसात होने के कारण परेड ग्राउंड के चारों तरफ बनी सड़क पर पुलिस कर्मियों को फिट रहने हेतु दौड़ लगवाई गई एवं टोलीवार ड्रिल कराई गई साथ ही शस्त्राभ्यास कराया गया पुलिस अधीक्षक द्वारा मेस में भोजन की गुणवत्ता को चेक किया गया तथा समस्त शाखाओं, महिला कल्याण केन्द्र, डीसीआर कार्यालय, डायल-112, बैरक, जिम, कैंटीन,लाइब्रेरी तथा एमटी शाखा का निरीक्षण कर संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

### बीआरसी सरसवा में दिव्यांग बच्चों की पेरेंट्स काउंसलिंग का आयोजन



**कौशाम्बी।** बीआरसी सरसवा में 31 जुलाई को समेकित शिक्षा के अंतर्गत एनवायरमेंट बिल्डिंग प्रोग्राम के तहत दिव्यांग बच्चों की पेरेंट्स काउंसलिंग का आयोजन किया गया कार्यक्रम का शुभारंभ खंड शिक्षा अधिकारी सरसावां प्रमोद कुमार द्वारा सरस्वती प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन करने के पश्चात किया गया । कार्यक्रम का आयोजन दो सत्रों में किया गया`प्रथम सत्र में जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी द्वारा दिव्यांग जनों के शैक्षिक पुनर्वास के बारे में चर्चा की गई तथा खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा अभिभावकों को जागरूक करते हुए दिव्यांग बच्चों को प्रतिदिन स्कूल भेजने तथा मिलने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी दी गई। रिसोर्स पर्सन के रुप में दयाशंकर एआरपी सरसवा द्वारा दिव्यांग बच्चों को आत्मनिर्भर बनाने तथा नेशनल ट्रस्ट एक्ट 1999 के प्रावधानों के बारे में जानकारी दी गई और 21 प्रकार की दिव्यांगता के बारे मे बताया गया ताकि समस्त प्रकार के दिव्यांग बच्चों की पहचान की जा सके । कार्यक्रम में आए हुए अभिभावकों ने व्यक्तिगत रूप से अपनी समस्याओं को अवगत कराया जिसे स्पेशल एजुकेटर शारदा कुमार सिंह व छोटे लाल पाल व अनिल सिंह तथा पंकज साहू फिजियोथैरेपिस्ट द्वारा समस्याओं को दूर करने व बच्चों के शैक्षणिक विकास में सहयोग करने हेतु अभिभावकों को आश्वस्त किया गया कार्यक्रम में आशुतोष शुक्ला व जयमंत शुक्ला ए आर पी गण मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

### सड़क दुर्घटना के क्लेम के निस्तारण हेतु दिया प्रशिक्षण



**कौशाम्बी।** सड़क दुर्घटना में प्रभावित परिवार को तुरंत बीमा क्लेम मिल सके इसके लिए पुलिस विभाग में उप निरीक्षकों को प्रशिक्षण दिया गया है क्षेत्राधिकारी यातायात द्वारा सड़क दुर्घटना के क्लेम के त्वरित निस्तारण हेतु सोमवार को समस्त थानों के 13 उपनिरीक्षकों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक यातायात व एआरटीओ कौशांबी भी उपस्थित रहे।

# बैनामे का विरोध करने पर दो पक्ष में मारपीट

## भतीजे पर बीमार चाचा से बैनामा करवाने का आरोप

अखंड भारत संदेश

**चायल, कौशाम्बी।** तहसील चायल में मंगलवार को बैनामा निस्पादित को लेकर दो पक्ष आपस में भिड़ गए और देखते ही देखते मामला मार पीट तक पहुंच गया जिसको तहसील परिसर में मौजूद लोगो के द्वारा बीच बचाव पर मामला शांत हुआ तहसीलदार चायल को दिए गए शिकायती पत्र में कमलेश देवी पत्नी चंद्रभान ने बताया कि उसके पति चंद्रभान मिश्रा के ऊपर छप्पर गिरने से उसकी मानसिक संतुलन ठीक ना होने से उसका भतीजा संतोष व रमेश कमलेश सुनील सुरेश व संजय मिश्रा पुत्रगण राज नारायण मिश्रा उसके पति को चायल तहसील लाकर जबरदस्ती बैनामा करवा लिया महिला को जब इसकी जानकारी हुई तो महिला ने रजिस्ट्री रुकवाने की कोशिश की तो उपरोक्त सभी लोगो ने महिला के पुत्र व महिला के साथ मारपीट वा गाली गलौज शुरू कर दिया जिस पर महिला ने लिखित शिकायत तहसीलदार चायल व चौकी पुलिस को देकर न्याय की गुहार लगाइ है महिला ने रजिस्ट्री रुकवाने का अनुरोध किया है।

### हाइवे पर गोवंशो की लड़ाई के चलते बाइक सवार गोवंशो से टकराए

**कौशाम्बी।** योगी सरकार के सख्त आदेश के बावजूद कौशाम्बी जिले में आवारा गोवंशों के संरक्षण के प्रति प्रशासन जिम्मेदार नहीं दिख रहा है,जिससे आवारा गोवंशो के चलते आए दिन राहगीर और बाइक सवारों को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है ताजा मामला संदीपन घाट थाना क्षेत्र के मूरतगंज का बताया जा रहा है जहा हाइवे पर गोवंश आपस में लड़ रहे थे और अचानक सड़क पर आ गए और बाइक सवार गोवंश से टकरा गए,बाइक सवार गोवंशो के टकराने के चलते घायल हो गए।किसी ने इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया।


### क्षेत्राधिकारी ने कड़ा धाम थाना में किया अर्दली रूम

**कौशाम्बी।** क्षेत्राधिकारी सिराथू द्वारा थाना कड़ाधाम के सभी विवेचकों का अर्दली रूम किया गया। इस दौरान थाने पर लंबित विवेचना, प्रार्थना पत्रों एवं आईजीआरएस का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्वक निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया। क्षेत्राधिकारी सिराथू द्वारा थाना कड़ाधाम पुलिस बल के साथ पैदल गश्त की गई, इस दौरान व्यापारी बंधुओ से सीसीटीवी लगाने और सड़क पर अवैध अतिक्रमण न करने के संबंध में वार्ता की गई एवं भयमुक्त माहौल के लिए आश्वस्त किया गया। संदिग्ध व्यक्तियों एवं गाड़ियों की चेकिंग की गई।

# फांसी के फंदे से लटकता मिला युवक का शव

## घरेलू कलह के चलते फांसी लगाने की चर्चा

अखंड भारत संदेश



**कौशाम्बी।** जिले के कोखराज थाना क्षेत्र में घर के अंदर फांसी के फंदे से युवक का शव लटकता हुआ मिलने से सनसनी मच गई,ग्रामीणों में घरेलू कलह के चलते फांसी लगाने की चर्चा है,युवक की मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है,सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और जांच में जुट गई। घटनाक्रम के मुताबिक कोखराज थाना क्षेत्र के कल्यानपुर निवासी राज पटेल उर्फ पप्पू उम्र 35 वर्ष पुत्र प्रेम लाल का कमरे के अंदर फाँसी के फंदे से शव लटकता हुआ मिला है,सुबह परिजनों ने शव लटकता हुआ देखा तो कोहराम मच गया,ग्रामीणों में चर्चा है कि घरेलू कलह के चलते उसने फांसी लगाकर आत्मा हत्या कर लिया है।घटना की सूचना पर पहुंची कोखराज थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और जांच में जुट गई है।

# कौशांबी को सूखाग्रस्त घोषित किए जाने की सकिपा ने उठाई मांग

अखंड भारत संदेश




**कौशाम्बी।** समर्थ किसान पार्टी की मासिक बैठक मंगलवार को पार्टी के जिला कार्यालय मंझनपुर में संपन्न हुई बैठक में कौशांबी जनपद में बारिश न होने से किसानो को हो रही दिक्कत का मुद्दा छाया रहा। इस संबंध में पार्टी कार्यकताओं का कहना था कि बारिश न होने से किसानो की धान रोपाई नही हो पा रही है और किसान परेशान है। आगे कहा कि बारिश न होने से किसानो की बेहन सूख रही है और किसान भारी सदमे में है और बारिश के कोई आसार नजर नहीं आ रहे हैं। इस संबंध में पार्टी कार्यकताओं की आमराय थी कि जिला प्रशासन कौशांबी जनपद को सूखाग्रस्त घोषित करे। सुरजीत वर्मा ने कहा कि बारिश न होने से धान की रोपाई प्रभावित हो रही है और किसान परेशान है। साथ ही जिन खेतों में धान रोपाई हो चुकी है, उन खेतों में भी बारिश न होने से रोपी गई धान की बेहन सूख रही है। आगे कहा कि ऐसे हालात में कौशांबी जनपद को सूखाग्रस्त घोषित कर देना चाहिए साथ ही राजस्व वसूली रोककर प्रदेश सरकार द्वारा किसानो के निजी नलकूप का विद्युत बिल माफ कर देना चाहिए। इसी के साथ सुरजीत वर्मा ने कहा कि समर्थ किसान पार्टी इस संबंध में पहले ही मीडिया के माध्यम से शासन प्रशासन से कौशांबी जनपद को सूखाग्रस्त घोषित किए जाने की मांग कर चुकी है। आगे कहा कि जल्द ही इस संबंध में समुचित निर्णय नहीं हुआ तो समर्थ किसान पार्टी धरना प्रदर्शन करेगी। इस अवसर पर फूलचंद्र लोधी, वीरेंद्र तिवारी, शिव सिंह पटेल, अतुल पांडेय, शिव शंकर दुबे, रंजीत सरोज, दुखराज सरोज आदि लोग मौजूद रहे।

### स्कूल जा रही नाबालिंग बालिका को भगा ले गया युवक

**अषाढा कौशांबी।** करारी थाना क्षेत्र के छिमिरछा गांव की एक नाबालिंग बालिका जमदुआ के एक स्कूल की छात्रा है 31 जुलाई को बालिका घर से स्कूल जा रही थी रास्ते में गांव का युवक तालिब बालिका को मिला और बालिका को बहला-फुसलाकर भगा ले गया है जब बालिका वापस शाम को घर नहीं पहुंची तो परिजन परेशान हो गए खोजबीन के बाद उन्हें पता चला कि तालिब नाम का युवक बालिका को भगा ले गया है परिजनों ने मामले की सूचना करारी थाना पुलिस को दी है पुलिस ने आरोपी युवक सहित तीन लोगों के विरुद्ध बालिका को भगाने का मुकदमा दर्ज कर युवक और बालिका की खोजबीन शुरू कर दी है मामले को लेकर क्षेत्र में तनाव की स्थिति व्याप्त है पुलिस का कहना है कि बालिका और फरार युवक का लोकेशन मिल चुका है और जल्द ही युवक को गिरफ्तार कर बालिका को बरामद कर लिया जाएगा।

# जीवन कौशल जीवन जीने की कला है : प्राचार्य

अखंड भारत संदेश




**कौशाम्बी।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान मंझनपुर में परिषदीय शिक्षकों का पांच दिवसीय जीवन कौशल प्रशिक्षण का शुभारंभ श्रीमती भारती त्रिपाठी उप शिक्षा निदेशक प्राचार्य जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान मंझनपुर एवं डॉ0 कमलेंद्र कुमार कुशवाहा जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा सरस्वती के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया। इस मौके पर आयोजक उप शिक्षा निदेशक प्राचार्य श्रीमती भारती त्रिपाठी ने जीवन कौशल प्रशिक्षण के सभी 10 मॉड्यूल को संक्षिप्त परिचय देते हुए कहा कि ये सभी एक दूसरे से सह संबंधित है। जीवन कौशल प्रत्येक व्यक्ति के लिए उपयोगी है,उन्होंने बताया कि जीवन कौशल जीवन जीने की कला है जिससे जीवन में आने वाली कठिनाइयों व चुनौतियों का प्रभावी तरीके से सामना किया जा सकता है। इस अवसर पर डॉ0 कमलेंद्र कुशवाहा जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने जीवन को सरल व सहज बनाने में इस प्रशिक्षण को महत्वपूर्ण बताया। समस्यायों को अवसर चुनौतियों के रूप में ग्रहण कर, उसका समाधान सभी इन्द्रियों के सामंजस्य से सम्भव है उन्होंने कहा कि अपने भावनाओ पर नियंत्रण कर जीवन कौशल के गुणों का विकास किया जा सकता है। सभी शिक्षक उक्त प्रशिक्षण पूर्ण मनोयोग से लेकर अपने अपने विद्यालय में अवश्य क्रियांवित करे। इस अवसर पर प्रवक्ता गण डॉ0 देवेश सिंह,डॉ0 दिनेश कुमार यादव प्रमोद कुमार सेठ धीरज कुमार, डॉ0 देवेंद्र कुमार मिश्र, एवम संदर्भदता श्रीमती ऋचा शर्मा कौशल कुमार, सहित समस्त डायट प्रवक्ता एवम स्टॉफ उपस्थित रहे।कार्यक्रम के संयोजक कौशलेंद्र मिश्र ने कहा कि जीवन कौशल प्रशिक्षण से शिक्षक सीख सकेंगे कैसे एक दूसरे से संप्रेषण करें, जिससे वह जीवन में सफल रहे।

# गायत्री परिवार और उप्र संस्कृत संस्थान की प्रेरणा से पौधरोपण का क्रम निरंतर गतिशील है



**कौशांबी।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार और उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान लखनऊ की संयुक्त प्रेरणा से जनपद कौशांबी की ग्रामसभा लोकीपुर में रविवार को देहदानी लोकसेवक स्व रामेश्वर प्रसाद त्रिपाठी की स्मृति स्वरूप उनके पुत्र सह प्रभारी युवा प्रकोष्ठ गायत्री परिवार कौशांबी एवं उप्र संस्कृत संस्थान लखनऊ के भाषा शिक्षक डॉ. ज्ञानेश्वर त्रिपाठी ने 22 जुलाई को प्रदेश स्तर पर हुए वृहद पौधारोपण अभियान में 14 वृक्ष रोपित किए थे 30 जुलाई को 7 पौधे पुनः रोपित कर अब तक 21 पौधे रोपित कर लोगों के लिए प्रेरणा का कार्य किया है इस कार्य में उनके घर के लोग भी शामिल हैं। डॉ. ज्ञानेश्वर ने बताया कि उनका संकल्प है कि प्रति वर्ष जनपद व अन्यत्र अपने द्वारा और दूसरों को प्रेरित कर कुल 108 वृक्ष लगवाने हैं। उन्होंने बताया कि लोक सेवा के प्रति उनकी रुचि उनके आध्यात्मिक गुरुदेव और अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार युगऋषि पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य के विचारों से प्रभावित होकर सेवा का यह पुनीत कार्य कर रहें हैं। डॉ ज्ञानेश्वर वर्तमान में उप्र संस्कृत संस्थान लखनऊ के भाषा शिक्षक व संस्कृत सैनिक के रूप में सेवा कर रहें हैं। बताते हैं कि भाषा मुख्य सचिव जितेंद्र कुमार सिंह और उप्र संस्कृत संस्थान के निदेशक विनय श्रीवास्तव का संस्कृत के प्रति अनन्य प्रेम हैं और उनकी प्रेरणा से संस्थान ने तीन हजार पौधारोपण अभियान को पूर्ण करने का सराहनीय कार्य किया है। संस्थान के सर्वेक्षिका डॉ. शकुंतला शाक्य प्रशासनिक अधिकारी जगदानंद झा दिनेश कुमार मिश्र योजना समन्वयक अनिल कुमार गौतम प्रशिक्षक समन्वयक धीरज मैथानी राधा शर्मा दिव्य रंजन गणेशदत्त सहयोगी पूजा बाजपेई सविता मौर्या आदि सहित सैकड़ों प्रशिक्षकों द्वारा पौधारोपण के इस अभियान को लक्ष्य से आगे बढ़ाने का संयुक्त प्रयास आगे भी जारी रहेगा। इस अवसर पर क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी नाजुक जहाँ पीआरडी ब्लॉक कमांडर आलोक पांडेय लोक शिक्षक श्यामू त्रिपाठी छात्र आस्तिक त्रिपाठी एवं युवा मंगल दल व महिला मंडल दल के सदस्यों ने भी अलग अलग स्थानों पर पौधारोपण हेतु संगोष्ठी के द्वारा पौधे रोपित करवाए।

### प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में 10 अगस्त तक कर सकतें है भागीदारी

**कौशाम्बी।** शासन द्वारा खरीफ व रबी मौसम में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना एवं पुनर्गठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना की कार्ययोजना जारी किया गया है। फसल बीमा कराने की अन्तिम तिथि 31 जुलाई, 2023 थी, जिसे बढ़ाकर अब 10 अगस्त, 2023 (ऋणी व गैर ऋणी कृषक दोनों) कर दिया गया है। यह जानकारी उप कृषि निदेशक सतेन्द्र कुमार तिवारी ने देते हुए बताया कि इस योजना के लिए जनपद में यूनिवर्सल सोम्पो जनरल इन्श्योरेंस, कं0लि0 को नामित किया गया है। योजना के अन्तर्गत प्रतिकूल मौसमीय स्थितियों में अधिसूचित फसलों को क्षति होने की स्थिति में न्यूनतम प्रीमियम दर भुगतान करने पर बीमित कृषकों को बीमा कवर/क्षतिपूर्ति प्रदान किया जायेंगा। जनपद में खरीफ मौसम के लिए अधिसूचित फसलें-अरहर, धान, बाजरा, ज्वार, उर्द, तिल व पुनर्गठित फसलें केला एवं मिर्च है व अधिसूचित फसलों की प्रीमियम दर (प्रति हेक्टेयर)-अरहर रू0 2194, धान रू0 1574, बाजरा रू0 674, ज्वार रू0 668, उर्द रू0 818, तिल रू0 330 तथा पुनर्गठित फसलों की प्रीमियम दर केला रू0 3750 एवं मिर्च रू0 1250 प्रति हे0 है। फसल की बुआई न कर पाना/असफल बुआई, फसल की मध्य अवस्था में क्षति, खड़ी फसलों को प्राकृतिक आपदाओं, रोगों, कीटों से क्षति, ओलावृष्टि, जलभराव, बादल फटना, भूस्खलन, बिजली गिरने से क्षति, फसल कटाई के उपरान्त आगामी 14 दिन की अवधि तक खेत में सुखाई के लिए रखी हुई फसल को ओलावृष्टि, चक्रवात बेमौसम/चक्रवाती वर्षा से नुकसान की जोखिम को कवर किया जायेंगा। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के बारे में जनपद में व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार ग्राम पंचायतों में खण्ड विकास अधिकारी द्वारा गोष्ठी/चौपाल के माध्यम से कृषकों को योजनान्तर्गत जानकारी प्रदान कर पंजीकृत कराने का सार्थक प्रयास किया जायेंगा, जिससे किसी प्रकार की प्राकृतिक आपदा की स्थिति में कृषकों को योजना का लाभ प्राप्त हो सकें। यह योजना स्वैच्छिक आधार पर लागू किया गया है। कृषक अपना पहचान पत्र, आधार कार्ड, फसल बुवाई का घोषणा पत्र, खतौनी की नकल, बैंक खाते का विवरण, क्ख्उ कोड के साथ निकट के उरउ अथवा बैंक शाखा से फसल पर देय प्रीमियम अंश को जमा करते हुए अपनी फसल का बीमा करा सकतें हैं। खरीफ मौसम में योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए 10 अगस्त 2023 तक आवेदन किया जा सकता हैं। उप कृषि निदेशक ने अवगत कराया है कि किसी भी समस्या या अधिक जानकारी के लिए टोल फ्री नं0-1800886868 व 18002005142 तथा जिला प्रबन्धक, फसल बीमा संतोष राय के मो0नं0-8291916372 पर सम्पर्क किया जा सकता हैं।

# आम आदमी पार्टी के नेतृत्व में ग्रामीणों ने एसडीओ विद्युत को ज्ञापन

अखंड भारत संदेश




**कौशाम्बी।** सिराथू विधानसभा से आम आदमी पार्टी प्रत्याशी विष्णु कुमार जायसवाल बाबाजी के साथ सिराथू तहसील के गंभीरा पूरब के तमाम ग्रामीणों द्वारा मंझनपुर एसडीओ विधुत आदर्श कुमार केसरवानी को विद्युत समस्याओं से संबंधित ज्ञापन सौंपा गया है ग्रामीणों ने ज्ञापन में कहा है कि ग्राम सभा गंभीरा पूरब के मजरा नांदिन का पूरा में बिजली के खंभे व तार लगाया जाए जिससे ग्रामीणों को विद्युत सप्लाई मिल सके। ग्रामीणों ने बताया कि विद्युत समस्याओं के समाधान के लिए कई बार तहसील दिवस में भी शिकायती पत्र देकर अवगत कराया गया लेकिन आज तक गांव के कुछ हिस्सों में विद्युत विभाग द्वारा विद्युतीकरण नहीं कराया गया मजबूर ग्रामीणों द्वारा बांस बल्ली गाड़ कर तार खींचकर विद्युत का प्रयोग किया जाता है जो खतरे से खाली नहीं है बांस बल्ली के सहारे खींची गई विद्युत तार दुर्घटना को दावत देता है। विद्युत अधिकारी को ग्रामीणों ने बताया कि बांस बल्ली के सहारे खींची गई विद्युत तार से आए दिन खतरा मंडराता रहता है अक्सर बल्लिया टूट जाती है और विद्युत करंट जमीन पर उतर आता है विधुत खतरे को देखते हुए कई ग्रामीण कनेक्शन लेने से वंचित हैं अधिकारियों से ग्रामीणों ने कहा कि अगर विधुत खंभे लग जाए और विद्युत सप्लाई सुचारु रुप से शुरू हो जाए तो तो कई लोग विधुत कनेक्शन ले लेंगे एसडीओ आदर्श केसरवानी ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि जल्दी ही जेई को भेज कर सर्वे कराकर के ग्रामीणों को इस समस्या से निजात दिलाई जाएगी। ज्ञापन देने वालों में मनोज कुमार, अर्जुन, रेखा देवी ,कौशल्या देवी ,मीरा देवी, श्रवण कुमार सहित तमाम ग्रामीण मौजूद रहे।

# प्रेम विवाह के लिए माँ-बाप की इजाजत जरुरी- एक नई बहस को जन्म देगा

अशोक भाटिया

**गुजरात में** लव मैरिज के लिए अभिभावक की इजाजत जरुरी हो सकती है। मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने हाल ही में पाटीदार समाज के एक कार्यक्रम में कहा कि प्रेम विवाह में इस शर्त को जोड़ने की मांग को लेकर कानून में विचार किया जाएगा। बता दें कि गुजरात में पाटीदार समुदाय के लोगों की मांग है कि अगर कोई लड़का-लड़का प्रेम विवाह करते हैं तो शादी के पंजीकरण के लिए कम से कम एक अभिभावक के हस्ताक्षर जरुरी होना चाहिए। पाटीदार समुदाय का कहना है कि इससे काफी हद तक लव जिहाद पर लगाम लगाया जा सकता है। इससे पहले भाजपा और कांग्रेस के विधायकों ने गुजरात विधानसभा से मांग की थी कि ह्यप्रेम विवाहह्व के पंजीकरण के लिए माता-पिता के हस्ताक्षर अनिवार्य किए जाएं और दस्तावेज उसी तालुका में दर्ज किया जाए जहां जोड़ा रहेगा। कलोल से भाजपा विधायक फतेहसिंह चौहान ने कहा कि ऐसे मामलों में विवाह का पंजीकरण जब एक लड़की अपने माता-पिता की सहमति के बिना अपनी पसंद के व्यक्ति के साथ शादी करती है तो राज्य में अपराध दर में वृद्धि होती है। माता-पिता की सहमति के बिना की गई शादियां राज्य में अपराध दर को बढ़ाती हैं और यदि ऐसे विवाह माता-पिता की सहमति से पंजीकृत होते हैं तो अपराध दर में 50 प्रतिशत की कमी आएगी। उन्होंने सरकार से मौजूदा कानूनों में संशोधन करने और कोर्ट मैरिज के लिए माता-पिता की सहमति को अनिवार्य बनाने का आग्रह किया।उन्होंने दावा किया, ह्वकालोल में ऐसे कई मामले हैं जहां लड़कियों को असामाजिक लोगों द्वारा बहकाया गया और अपहरण कर लिया गया। उन्हें बचाने के लिए ऐसा संशोधन जरूरी है।

कांग्रेस विधायक गेनी ठाकोर ने कहा कि हिंदू विवाह अधिनियम में प्रेम विवाह के संबंध में कानून में पर्याप्त बदलाव करने की



मांग कुछ समय से उठाई जा रही है और कहा कि नेता पूरी तरह से प्रेम विवाह के खिलाफ नहीं हैं लेकिन यह सुनिश्चित करना होगा कि भविष्य में लड़कियों को उत्पीड़न का सामना न करना पड़े। इस हलचल के बाद समाज में एक नई बहस की शुरूवात हो गई है । वैसे देखा जाय तो संविधान बालिग को स्वेच्छा से विवाह करने का अधिकार देता है यदि लड़की 18 साल की हो और लड़का 21 साल का हो और दोनों अपनी पूरी सोच-समझ से किसी रिश्ते को करना चाहते हैं . कानून में कहीं पर अड़चन नहीं है। कहीं पर भी कानून में यह नहीं लिखा है कि प्रेम विवाह करना चाहे तो उसको अपने अभिभावकों की इजाजत लेनी पड़ेगी या जब तक वो हां नहीं बोलेंगे, तब तक आप शादी नहीं कर सकते। साधारण बात है, आप अगर भारत के नागरिक हैं, लड़की अगर 18 साल की है, लड़का 21 साल का है तो उनके लिए कोई कानूनी अड़चन नहीं है । लव मैरेज हो या अरेंज मैरेज हो, उसके लिए परमिशन लेने की जरूरत नहीं पड़ती है। जब तक आप माता-पिता से परमिशन नहीं लेंगे, तब तक शादी नहीं कर सकते, ऐसा कहीं कानून में नहीं है। गौरतलब है कि अगर गुजरात सरकार अगर इसके बारे में सोच रही है कि इस तरह का कोई कानून लेकर आएं तो यह बात समझ के बाहर है कि कौन से कानून के तहत वो उसको कानूनी जामा पहना सकते हैं और सरकार का कोई भी कानून संविधान से बाहर नहीं हो सकता है. संविधान के तहत होगा। संवैधानिक अधिकार जो भारत के हर नागरिक का है, वो यही है कि आप अपनी इच्छा से अपने जीवन को जी सकते हैं, जब तक कि आप किसी और के मौलिक अधिकार पर हस्तक्षेप नहीं करें, कहीं पर उल्लंघन नहीं करें। आपका जन्म सिद्ध अधिकार है कि आप अपने जीवन को जैसे बिताना चाहें, बिता सकते हैं। आपको जो मौलिक अधिकार मिले हुए हैं, सबसे बड़ा अधिकार है. स्वेच्छा से आप कहीं भी आ जा सकते हैं और अपने जीवन को उसी तरीके से स्वाभिमान के साथ जी सकते हैं। आप किसी भी धर्म का पालन कर सकते हैं, आप किसी भी पुरुष, महिला से व्यवहार कर सकते हैं। आप अरैंज मैरेज करना चाहते हैं, अरैंज मैरेज कीजिए। जैसे किसी धर्म के तहत करते हैं। अगर आप हिंदू हैं तो हिंदू विवाह अधिनियम के तहत करेंगे, आप मुसलमान हैं तो मुस्लिम पर्सनल लॉ के हिसाब से करेंगे।

अगर आप धर्म के तहत नहीं करना चाहते तो स्पेशल मैरेज एक्ट में जाकर किसी भी धर्म के अगर हों, तो आप वहां पर विवाह कर सकते हैं। वहां पर आपसे ये नहीं पूछेंगे कि आपके माता-पिता की सहमति है कि नहीं है। तो जो स्पेशल मैरेज एक्ट 1954 के अंदर बना हुआ है, या जो हिंदू मैरेज एक्ट 1955 के अंदर बना हुआ है, समझ नहीं आता है कि गुजरात सरकार उन कानूनों के आगे कैसे कोई और कानून बना सकती है कि विवाह के लिए हमको माता-पिता, अभिभावकों की सहमति लेनी पड़ेगी। ऐसा कोई कानून अगर बनाती है तो उसका कोई कानूनी औचित्य नहीं है और हाई कोर्ट ऐसे कानूनों को एक मिनट में खारिज कर देगा। यह बात भी ध्यान देने लायक है कि समाज का तानाबाना इस समय जरूर हिल चुका है । समाज की तरक्की हो रही है , पढ़ाई की वजह से। शिक्षा जो हमारी लड़कियों को मिल रही है वही है जो लड़कों को मिल रही है। लड़कियों और लड़कों दोनों की कमाने की ताकत एक जैसी हो गई है। पहले तो लड़कियां बिलकुल नहीं कमा सकती थीं। आज वो अपने पैरों पर खड़ी हैं आर्थिक रूप से पर इन सबके चलते समाज में एक सकारात्मक सोच होनी चाहिए थी, उसकी जगह देखा जा रहा है कि नैतिक मूल्यों का बहुत ज्यादा पतन हो रहा है। उस बात को ध्यान में रखते हुए गुजरात सरकार ने अगर उसके बारे में सोचा है, मैं कहूंगी कि हां, लॉन्ग रन के लिए अच्छी सोच हो सकती है। आखिर आपके भी मां-बाप आपको पैदा करते हैं, आपको शिक्षा देते हैं, आर्थिक रूप से आपको पांव पर खड़े करते हैं, तो कहीं पर बच्चों की भी जिम्मेदारी बनती है कि माता-पिता के खिलाफ सिर्फ यूं न जाएं कि सिर्फ इस पॉइंट को प्रूफ करने के लिए कि हम स्वतंत्र हैं, जो मर्जी करेंगे। आप हमें सिखाने वाले, समझाने वाले कौन हैं? पैरेंट्स बच्चों के कभी भी खिलाफ नहीं हो सकते हैं। उनके हमेशा हितैषी ही रहेंगे। मां-बाप की भी कुछ उम्मीदें होती हैं, उनका भी एक दिल होता है जो टूटता है जब बच्चे अपने कानूनी अधिकार को लागू करना करना चाहते हैं। उनके साथ-साथ जवाबदारी भी तो होती हैं। सिर्फ वो नहीं होता है कि आप सिर्फ अपने अधिकार को मांग करें। मां–बाप के प्रति आपका कर्तव्य भी होता है। जैसे आजकल कोर्ट ने कहा है, मांगने पर लड़कियों को भी पिता की संपत्ति के अंदर अधिकार मिल जाता है पर माता-पिता अगर सक्षम नहीं हैं, तो लड़कियों की भी जिम्मेदारी बनती है कि माता-पिता की संभाल करें। कानून में ऐसी बात नहीं है कि माता-पिता के भरण पोषण करने की जिम्मेदारी किसी बेटी की है पर अब समाज के अंदर बदलाव आ रहे हैं। उसके देखते-देखते नए कानून कई बार बनते हैं। हो सकता है कि गुजरात सरकार की यह सोच हो लेकिन समझ में नहीं आता कि कानूनी तौर पर इस सोच को कैसे न्यायोचित किया जाएगा परंतु समाज में हम सबको साथ-साथ चलना है और अच्छा यही रहता कि माता-पिता और बच्चे साथ-साथ चलें। विवाह एक अच्छी बात है, सकारात्मक बात है, कोई लिव-इन भी कर रहा है तो अपनी स्वेच्छा से कर रहा है पर उसका मतलब ये नहीं कि रिश्ते टूटें। रिश्ते बनने चाहिए। विवाह इसलिए करते हैं कि रिश्ते और बनें। ऐसा नहीं है कि रिश्ते टूटें। एक तरफ तो रिश्ता कर रहे हो और अपने माता-पिता से रिश्ता तोड़ रहे हो। माता-पिता भी जिद न करें कि तुम इससे विवाह नहीं कर सकते। वो अगर सोच-समझकर बात करते हैं और अगर अपने बच्चे को समझाते हैं तो मुझे लगता है कि बच्चे को भी उसको ध्यान से सुनना चाहिए। एक सामाजिक समस्या का समाधान करने के लिए गुजरात सरकार ने इसके बारे में सोचा है परंतु इस बात को जरूर ध्यान देना है कि अनैतिक और गैरकानूनी ,दोनों में बहुत फर्क है। लिव-इन रिलेशनशिप अनैतिक हो सकती है पर वो गैरकानूनी नहीं है। अगर आप शादी करना चाहते हैं जो आपके माता-पिता की इच्छा के विरुद्ध है, वो सामाजिक तौर पर गलत हो सकता है, अनैतिक हो सकता है पर गैरकानूनी नहीं है।

## संपादकीय

# अनाज की विभिन्न परंपरागत किस्मों का गायब होना चिंताजनक

सुनील कुमार महला

**संपूर्ण** विश्व के लिए यह अत्यंत गंभीर चिंता का विषय हो सकता है कि बीती एक सदी यानी कि सौ सालों में में ही फूड डायवर्सिटी खत्म हो गई। फूड डायवर्सिटी यानी कि खाद्य जैव-विविधता। यहां सबसे पहले हमें यह जानने की जरूरत है कि आखिर फूड डायवर्सिटी या खाद्य जैव विविधता है क्या ? और इसका दुनिया पर क्या प्रभाव पड़ सकता है अथवा पड़ रहा है ? तो इस संबंध में जानकारी देना चाहूंगा कि (जैसा कि विकीपीडिया से हमें जानकारी मिलती है कि) खाद्य जैव विविधता को 'भोजन के लिए उपयोग किए जाने वाले पौधों, जानवरों और अन्य जीवों की विविधता, प्रजातियों के भीतर, प्रजातियों के बीच और पारिस्थितिक तंत्र द्वारा प्रदान किए गए आनुवंशिक संसाधनों को कवर करने वाली विविधता' के रूप में परिभाषित किया गया है। सरल शब्दों में कहें तो खाद्य विविधता(फूड डायवर्सिटी)से तात्पर्य सब्जियों, फलों, अनाज, मांस, मछली और डेयरी उत्पादों जैसे खाद्य समूहों की संपूर्ण श्रृंखला से विभिन्न प्रकार के भोजन से है।

बहरहाल, कहना बिल्कुल भी गलत नहीं होगा कि मनुष्य हो या कोई भी जीव, उन्हें जीवित रहने के लिए भोजन की आवश्यकता होती है, क्यों कि भोजन से ही हम व सभी जीव पोषण प्राप्त करते हैं। जीवन को सुचारू रूप से चलाने के लिए भोजन मनुष्य व किसी भी जीव की प्रथम व मूलभूत आवश्यकता है। इस पृथ्वी पर सभी जीवित जीव अलग-अलग प्रकार का भोजन खाते हैं, ग्रहण करते हैं। भोजन हमारे शरीर की आंतरिक गतिविधियों को भी ऊर्जा प्रदान करता है ताकि वे सुचारू रूप से क्रियान्वित हो सकें। खाद्य विविधता उन खाद्य पदार्थों की विभिन्न किस्मों को कहते हैं जिन्हें हम अपने आहार में लेते हैं जो हमारे शरीर को पोषक तत्व प्रदान करते हैं। कार्बोहाइड्रेट, प्रोटीन, वसा, फाइबर, विटामिन, खनिज और पानी प्राथमिक भोजन घटक हैं। बहरहाल, हाल ही में फूड एंड एग्रीकल्चर ऑर्गेनाइजेशन (एफएओ) के हवाले से यह बात सामने आई है कि एक सदी(सौ सालों में)में दुनिया से 90% से भी ज्यादा अनाज की किस्में गायब हो चुकीं हैं।अब जो वैराइटी या किस्में या प्रजातियां बाकी हैं, उसमें से भी 9 प्रजातियां ही सबका पेट भर रही हैं। वास्तव में यह बहुत गंभीर और संवेदनशील मसला है कि दुनिया से अनाज की विभिन्न किस्में धीरे धीरे गायब होती चली जा रही हैं।आज धरती से विभिन्न जीव-जंतुओं की नस्लें ही नहीं विभिन्न वनस्पतियां, यहां तक कि अनाज की विभिन्न किस्में भी धीरे धीरे गायब हो रही हैं। यह संपूर्ण मानव जाति के लिए गंभीर खतरा इसलिए है, क्यों कि विश्व की आबादी लगातार बढ़ रही है और अनाज की किस्में गायब होने से मनुष्य के समक्ष पोषण की गंभीर समस्या जन्म ले सकती है। बल्कि यह कहना गलत नहीं है कि आज के समय में विश्व की आबादी केवल नौ प्रजातियों से अपना पेट भर रहीं हैं। आज अनाज की विभिन्न किस्मों का इतनी तेजी से खात्मा हो रहा कि अब वो दिन दूर नहीं जब दुनिया में अनाज की इक्का-दुक्का किस्में बाकी रह जाएंगी। वास्तव में इसे ही हम एग्रोबायोडायवर्सिटी के नाम से जानते हैं।एफएओ के अनुसार पिछले सौ सालों में जिन फसलों की विभिन्न किस्में गायब हुई हैं उनमें क्रमशः चावल, तिलहन, दाल और मिलेट्स(मोटा अनाज )की भी कई वैराइटी शामिल हैं। एफएओ के अनुसार आज जो फसलें हम उपभोग कर रहे हैं, साल 2050 तक उनमें से भी एक-तिहाई खत्म हो जाएंगी। पाठकों को यह जान कर हैरानी होगी कि फिलहाल जितनी फसलें बाकी हैं, उनमें से भी चावल, गेहूं और मक्का जैसे कुछ ही अनाज दुनिया का पेट भर रहे हैं। आज अधिक पैदावार लेने के लिए इतनी हाइब्रिड किस्में बन चुकी हैं कि अब उत्पादन भले ही ज्यादा होता है लेकिन उसमें पोषण की मात्रा बहुत कम रहती है। हरित क्रांति से फसलों का उत्पादन तो अवश्य बढ़ा लेकिन संकर किस्मों या हाइब्रिड किस्मों से उनकी गुणवत्ता (पोषक तत्व वगैरह) में कमी आई। फसलों के पेटेंट से भी काफी हद तक प्रभाव पड़ा क्योंकि इंडस्ट्रीयल पेटेंट कंपनियों द्वारा कम कीमत पर अनाज की सप्लाई की जाने लगी और इससे विभिन्न फसलों का उत्पादन करने वाले किसान इन पेटेंट कंपनियों द्वारा उपलब्ध कराए जाने वाले सस्ते अनाज पर निर्भर हो गये और उन्होंने स्वयं फसलों का उत्पादन करना तक छोड़ दिया। ग्लोबल क्रॉप डायवर्सिटी ट्रस्ट के अनुसार, होमोजीनस(एक तरह की) यानी धरती पर एक तरह की फसलों के शेष बचने से सबसे बड़ा डर भुखमरी का है। जमीन पर बार-बार एक ही तरह की फसलें उगाई जाती रहीं तो वो बंजर होती जाएगी, क्यों कि एक ही प्रकार की फसलों को बोने से धरती की उर्वरा शक्ति पर असर पड़ता है। इतना ही नहीं, टिड्डी हमला जैसी घटनाओं में भी इजाफा हो सकता हैं। कई दूसरे तरह के कीड़े-मकोड़े हैं जो फसलों को चट कर सकते हैं। ऐसे में हमारे पास बचने का जरिया नहीं रहेगा।अगर एक भी फसल बुरी तरह से फेल हुई तो बचे हुए अनाज की कीमत काफी बढ़ जाएगी और इसके बाद मामला भुखमरी तक ही नहीं रहेगा, बल्कि अनाज के लिए देशों में जंग तक भी छिड़ सकती है। अतः हम यह कह सकते हैं कि पहले के अनाज की तुलना में आज पैदा किए जा रहे अनाज में पोषक तत्व कम हैं और जो किस्में खत्म हुई हैं, वे रख रखाव के कारण हुई हैं। हमने अनाज उत्पादन बढ़ाने की ओर तो ध्यान दिया लेकिन उस चक्कर में यानी कि संकर या हाइब्रिड किस्मों के चक्कर में फसलों की वैरायटी से हाथ धो बैठे। यह भी एक कारण है कि मिलेट्स की कई किस्मों की जगह लोग लंबे चावल या बारीक गेहूं खाने लगे हैं। वर्तमान में भारत से जो फसलें गायब हो रहीं हैं उनमें क्रमशः मोठ बीन(मटकी दाल) जो विशेषकर कर्नाटक में पैदा होती थी, तेजी से खत्म हो रही है क्यों कि लोग इसके स्थान पर अरहर की दाल अपने भोजन में शामिल करने लगे हैं और किसानों ने इसे उपजाना लगभग लगभग बंद सा कर दिया है।

# धर्म के नाम पर, धरती लहूलुहान

**(मेवात-मणिपुर सांप्रदायिक हिंसा विशेष)**
**कब गीता ने ये कहा, बोली कहां कुरान।**
**करो धर्म के नाम पर, धरती लहूलुहान।।**

डॉ सत्यवान सौरभ

**भारत** मूलतः विविधताओं का देश है, विविधताओं में एकता ही यहाँ की सामासिक संस्कृति की स्वर्णिम गरिमा को आधार प्रदान करती है। वैदिक काल से ही सामासिक संस्कृति में अंतर और बाह्य विचारों का अंतर्वेशन ही यहाँ की विशेषता रही है, इसलिये किसी भी सांस्कृतिक विविधता को आत्मसात करना भारत में सुलभ है। इसी परिप्रेक्ष्य में धार्मिक सहचार्यता भी इन्हीं विशेषताओं में से एक रही है, इसका अप्रतिम उदाहरण सूफीवाद में देखा जा सकता है जहाँ पर इस्लामिक एकेश्वरवाद और भारतीय धर्मों की कुछ विशेषताओं का स्वर्णिम संयोजन हुआ तथा परिणामस्वरूप एक संश्लेषित धार्मिक वैचारिकता का सफल अनुगमन हुआ। किंतु हाल के वर्षों में भारत की सांस्कृतिक विविधता- सांस्कृतिक विषमता में अंतरित हो रही है जिससे लोगों के मध्य सद्भाव में ह्रास के साथ ही सांस्कृतिक विशेषता पर भी नकारात्मक प्रभाव भी पड़ रहा है।



एक राजनीतिक दर्शन के रूप में सांप्रदायिकता की जड़ें भारत की धार्मिक और सांस्कृतिक विविधता में मौजूद हैं। भारत में सांप्रदायिकता का प्रयोग सदैव ही धार्मिक और जातीय पहचान के आधार पर समुदायों के बीच सांप्रदायिक घृणा और हिंसा के आधार पर विभाजन, मतभेद और तनाव पैदा करने के लिये एक राजनीतिक प्रचार उपकरण के रूप में किया गया है। सांप्रदायिक हिंसा एक ऐसी घटना है जिसमें दो अलग-अलग धार्मिक समुदायों के लोग नफरत और दुश्मनी की भावना से लामबंद होते हैं और एक-दूसरे पर हमला करते हैं। देश में फेक न्यूज के तीव्र प्रसार से सांप्रदायिकता को बढ़ावा देने में सोशल मीडिया ने महत्त्वपूर्ण भूमिका अदा की है। सोशल मीडिया हिंसा के माध्यम से दंगों और हिंसा के ऑडियो-विजुअल का प्रसार काफी सुगम और तेज हो गया है। हिंसा से संबंधित ये अमानवीयता ग्राफिक चित्रण आम जनता में अन्य समुदायों के प्रति घृणा को और बढ़ा देते हैं। पत्रकारिता की नैतिकता और तटस्थता का पालन करने के स्थान पर देश के अधिकांश मीडिया हाउस विशेष रूप से किसी-न-किसी राजनीतिक विचारधारा के प्रति झुके हुए दिखाई देते हैं, जो बदले में सामाजिक दरार को चौड़ा करता है। वर्तमान समय में विभिन्न राजनीतिक दलों द्वारा अपने राजनीतिक लाभों की पूर्ति के लिये सांप्रदायिकता का सहारा लिया जाता है। एक प्रक्रिया के रूप में राजनीति का सांप्रदायीकरण भारत में सांप्रदायिकता को बढ़ावा देने के साथ-साथ देश में सांप्रदायिक हिंसा की तीव्रता को बढ़ाता है। भारतीय लोगों में आमतौर पर मूल्य-आधारित शिक्षा का अभाव देखा जाता है, जिसके कारण वे बिना सोचे-समझे किसी की भी बातों में आ जाते हैं और अंधानुकरण करते हैं। विकास का असमान स्तर, वर्ग विभाजन, गरीबी और बेरोजगारी आदि कारक सामान्य लोगों में असुरक्षा का भाव उत्पन्न करते हैं। असुरक्षा की भावना के चलते लोगों का सरकार पर विश्वास कम हो जाता है, परिणामस्वरूप अपनी जरूरतों/हितों को पूरा करने के लिये लोगों द्वारा विभिन्न राजनीतिक दलों, जिनका गठन सांप्रदायिक आधार पर हुआ है, का सहारा लिया जाता है। दो समुदायों के बीच विश्वास और आपसी समझ की कमी या एक समुदाय द्वारा दूसरे समुदाय के सदस्यों का उत्पीड़न आदि के कारण उनमें भय, शंका और खतरे का भाव उत्पन्न होता है। इस मनोवैज्ञानिक भय के कारण लोगों के बीच विवाद, एक-दूसरे के प्रति नफरत, क्रोध और भय का माहौल पैदा होता है।

सांप्रदायिक हिंसा के दौरान निर्दोष लोग अनियंत्रित परिस्थितियों में फँस जाते हैं, जिसके कारण व्यापक स्तर पर मानवाधिकारों का हनन होता है। सांप्रदायिक हिंसा के कारण जानमाल का काफी अधिक नुकसान होता है। सांप्रदायिक हिंसा वोट बैंक की राजनीति को बढ़ावा देती है और सामाजिक सामंजस्य प्रभावित होता है। यह दीर्घावधि में सांप्रदायिक सद्भाव को गंभीर नुकसान पहुँचाती है। सांप्रदायिक हिंसा धर्मनिरपेक्षता और बंधुत्व जैसे संवैधानिक मूल्यों को प्रभावित करती है। सांप्रदायिक हिंसा में पीड़ित परिवारों को इसका सबसे अधिक खामियाजा भुगतना पड़ता है, उन्हें अपना घर, प्रियजनों यहाँ तक कि जीविका के साधनों से भी हाथ धोना पड़ता है। सांप्रदायिकता देश की आंतरिक सुरक्षा के लिये भी चुनौती प्रस्तुत करती है क्योंकि सांप्रदायिक हिंसा को भड़काने वाले एवं उससे पीड़ित होने वाले दोनों ही पक्षों में देश के ही नागरिक शामिल होते हैं।

सांप्रदायिक हिंसा को रोकने के लिये पुलिस को अच्छी तरह से सुसज्जित होने की आवश्यकता है। इस तरह की घटनाओं को रोकने हेतु स्थानीय खुफिया नेटवर्क को मजबूत किया जा सकता है। सांप्रदायिक हिंसा को रोकने के लिये शांति समितियों की स्थापना की जा सकती है जिसमें विभिन्न धार्मिक समुदायों से संबंधित व्यक्ति सद्भावना फैलाने और दंगा प्रभावित क्षेत्रों में भय तथा घृणा की भावनाओं को दूर करने के लिये एक साथ कार्य कर सकते हैं। यह न केवल सांप्रदायिक तनाव बल्कि सांप्रदायिक दंगों को रोकने में भी मददगार साबित होगा। देश के आम लोगों को मूल्य आधारित शिक्षा दी जानी चाहिये, ताकि वे आसानी से किसी की बातों में न आ सकें। शांति, अहिंसा, करुणा, धर्मनिरपेक्षता और मानवतावाद के मूल्यों के साथ-साथ वैज्ञानिकता (एक मौलिक कर्त्तव्य के रूप में निहित) और तर्कसंगतता के आधार पर स्कूलों और कॉलेजों/विश्वविद्यालयों में बच्चों के उत्कृष्ट मूल्यों पर ध्यान केंद्रित करने, मूल्य-उन्मुख शिक्षा पर जोर देने की आवश्यकता है जो सांप्रदायिक भावनाओं को रोकने में महत्त्वपूर्ण साबित हो सकते हैं। मौजूदा आपराधिक न्याय प्रणाली में सुधार कर शीघ्र परीक्षणों और पीड़ितों को पर्याप्त मुआवजा प्रदान करने की व्यवस्था की जानी चाहिये। भारत सरकार द्वारा सांप्रदायिक हिंसा को रोकने के लिये वैश्विक स्तर पर मलेशिया जैसे देशों में प्रचलित अभ्यासों का अनुसरण किया जा सकता है। सांप्रदायिक हिंसा को रोकने के लिये मजबूत कानून की आवश्यकता होती है। साथ ही देश के नागरिकों को ये समझने की आवश्कता है कि-

**कब गीता ने ये कहा, बोली कहां कुरान।**
**करो धर्म के नाम पर, धरती लहूलुहान।।**

# सावन के महीने में यादों के झूले

रमेश सर्राफ धमोरा

**पड़ गए झूले सावन रुत आई रे, सीने में हूक उठे अल्लाह दुहायी रे।** ऐसे गाने सावन आते ही लोगों की जुबान पर खुद-ब-खुद आ जाते हैं। पहले सावन शुरू होते ही गांव की गलियों से लेकर शहरों तक झूले पड़ते थे। महिलाएं झूला झूलतीं और गाती थीं। सावन व भादो का महीना हमे प्रकृति के और निकट ले जाता है। झूले झूलने के दौरान गाये जाने वाले गीत मन को सुकून देते हैं। झूले गांव के बागीचों, मंदिर के परिसरों में डाले जाते थे। सावन को बहुत पवित्र महीना माना जाता है। मान्यता है कि सावन में माता पार्वती ने भगवान शिव की तपस्या करके उन्हें पाया था। सावन दक्षिणायन में आता है जिसके देवता शिव हैं। इसीलिए इन दिनों उन्हीं की आराधना शुभ फलदायक होती है। सावन के महीने में बहुत वर्षा होती है। इसलिये इसे वर्षा ऋतु का महीना या पावस ऋतु भी कहा जाता है। भारतीय संस्कृति में झूला झूलने की परम्परा वैदिक काल से ही चली आ रही है। श्री कृष्ण राधा संग झूला झूलते और गोपियों संग रास रचाते थे। मान्यता है कि इससे प्रेम बढ़ने के अलावा प्रकृति के निकट जाने एवं उसकी हरियाली बनाये रखने की प्रेरणा मिलती है। एक दौर था जब लोगों को सावन के महीने का बेसब्री से इंतजार रहता था। लड़कियां ससुराल से मायके आती थीं। लेकिन अब ये परंपरा खत्म होती जा रही है। अब न तो झूले पड़ते हैं और न गीत सुनाई देतें है। सावन शुरू हो गया है लेकिन इसका एहसास ही नहीं हो रहा है। उमंग और खुमारी का संगम इसी महीने में हरियाली तीज पर खत्म होता था। सखियों को सुख-दुख बांटने, साथ बैठकर मेंहदी लगाने की परंपरा फिर गीत गाना सब गुम हो चुका है। बच्चे अब झूले नहीं वीडियो गेम में मस्त रहते हैं। महिला संगठन भी अब किटी पार्टी जैसे आयोजनों तक सीमित हैं। झूले की परम्परा लुप्त होने के पीछे सबसे प्रमुख वजह मनोरंजन के भरपूर साधनों का होना भी हैं।

सावन के आते ही गली-कूचों और बगीचों में मोर, पपीहा और कोयल की मधुर बोली के बीच युवतियां झूले का लुत्फ उठाया करती थीं। अब न तो पहले जैसे बाग-बगीचे रहे और न ही मोर की आवाज सुनाई देती है। अब बिना झूला झूले ही सावन गुजर जाता है। वन माफियाओं के चलते गांवों में भी बाग-बगीचे नहीं बचे हैं। जहां युवतियां झूला डाल कर झूल सकें।

गांवों की बुजुर्ग महिलायें बताती हैं कि सावन आते ही बेटियां ससुराल से मायके बुला ली जाती थीं और पेड़ों पर झूला डाल कर झूलती थीं। त्योहार में बेटियों को ससुराल से बुलाने की परम्परा तो आज भी चली आ रही है। लेकिन जगह के अभाव में न तो कोई झूला झूल पाता है और न ही अब मोर, पपीहा व कोयल की सुरीली आवाज ही सुनने को मिलती हैं। दस साल पहले तक यहां रक्षाबंधन तक झूले का आनंद लिया जाता था। गांव के पेड़ पर मोटी रस्सी से झूला डाला जाता था और सारे गांव की बहन-बेटियां झूलती थीं। अब पेड़ ही नहीं हैं तो झूला कहां डालें। सावन के महीने में नवविवाहित महिलाओं को अपने मायके जाने की परम्परा राजस्थान में तो आज भी चली आ रही है। अब समय के साथ पेड़ गायब होते गए और उनके स्थान पर बहुमंजिला इमारतों के बनने से आंगन का अस्तित्व समाप्त हो गया। ऐसे में सावन के झूले भी यादें बनकर हमारी परम्परा से गायब हो रहे हैं। जन्माष्टमी पर मंदिरों में सावन की एकादशी के दिन भगवान को झूला झुलाने की परम्परा जरूर अभी भी निभाई जा रही है।

सावन में झूला झूलना मात्र आनंद की अनुभूति नहीं कराता अपितु यह स्वास्थ्यवर्धक प्राचीन योग भी है। सावन में चारो तरफ हरियाली छाई होती है। हरा रंग आंखों पर अनुकूल प्रभाव डालता है। इससे नेत्र ज्योति बढ़ती है। झूला झूलते समय श्वांस-उच्छवास लेने की गति में तीव्रता आती है।

# राजनीति विषय ही बचा है क्या?

डॉ. नीरज भारद्वाज

**शिक्षक** हूं इसलिए मस्तिष्क की चेतना विषय की खोज में चलती ही रहती है। किसी भी समाज कहूं या देश कहूं, उसके बहुत सारे पक्ष, चिंतन, विषय आदि होते हैं। विचार करे तो सभी अपने-अपने तरीके से सोचते-समझते तथा चिंतन करते हैं, यह अच्छी बात है लेकिन पिछले कुछ वर्षों से देखा-समझा जाए तो हर क्षेत्र में चाहे वह शिक्षा, संस्कृति, लोक कल्याण, रक्षा, दर्शन, साहित्य आदि कुछ भी हो, उसमें एक विषय जबरदस्त तरीके से और पूरी ताकत के साथ लाया जा रहा है उसका नाम है राजनीति। राजनीति हर क्षेत्र, कार्यालय, समाज, वर्ग, चिंतन का अंग बनता जा रहा है और हो भी क्यों ना, हल्दी लगे ना फिटकरी रंग चोखा। चार बात इधर की करें , चार उधर की करें, हो गये राजनेता तैयार। राजनीति लोगों की रग-रग में बसा दी या बस गई है, ऐसा लगने लगा है। किसी की बुराई करो, उसका विपक्ष बन गया और उसकी हक की बात करो तो पक्ष बन गया। सिनेमा देखें या टीवी पर आने वाले धारावाहिक, उन सभी में पारिवारिक राजनीति या फिर सामाजिक राजनीति को ही अंग बना कर दिखाया जा रहा है। चालें चलना, राह में जाल बिछाना, काम को ठीक से ना होने देना, यह सभी राजनीति के पक्ष-विपक्ष बन गए हैं क्या? लोग इन्हीं में उलझे से नजर आने लगे हैं। समाचार चैनल पर भी लगभग प्रमुख खबरें राजनीतिक दुनिया से ही होती है। राजनीतिक बहस होती हैं। चुनावी माहौल में तो राजनीतिक हलचल प्रमुख केंद्र होती हैं। आखिर इस राजनीति के पीछे लोग क्यों पड़े हुए हैं, क्या यही समय की मांग है? क्या इस विषय को पढ़ने, समझने में कोई ज्यादा मशक्कत करने की जरूरत नहीं है? या राजनीति करना बहुत सरल या कहे आसान है? यह सामान्य जन ही जानें।

विचार करें तो राजनीति से अलग भी दुनिया है, राजनीति से अलग भी विषय हैं। मनोविज्ञान, दर्शन, गणित, विज्ञान आदि क्या इन सभी पर भी बातें होती हैं। छोटे-छोटे समाचार चैनल जो यूट्यूब आदि पर चलते हैं, लगभग सभी राजनीति को लेकर ही बातें करते रहते हैं। देश का क्या मिजाज है?

अबकी कौन प्रधानमंत्री बनेगा? चुनाव में मुद्दा क्या होगा? आदि प्रश्न जनता से पूछते रहते हैं और छोटे-छोटे क्लिप बनाकर अपने चैनल पर चलाते रहते हैं। इससे अलावा भी लोगों के जीवन में काम धंधे, शिक्षा, संघर्ष आदि हैं। अब बताओ कितने ऐसे चैनल हैं जो फ्री में बच्चों को कोचिंग दे रहे हैं?

# तीर्थक्षेत्र में चहुंओर सुन्दरीकरण को डीएम संकल्पित

## डीएम ने गणेश बाग समेत बरहा हनुमान मन्दिर आदि क्षेत्रों में सुन्दरीकरण कर लिया जायजा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने तीर्थ क्षेत्र विकास परिषद के अस्थाई कार्यालय गणेश बाग एवं यूपीटी तिराहा सीतापुर के सुंदरीकरण व बरहा हनुमान मंदिर परिक्रमा मार्ग पर गेट निर्माण का औचक निरीक्षण किया।

मंगलवार को जिलाधिकारी ने कहा कि भगवान श्रीराम की तपोभूमि में बरहा हनुमान मंदिर के पास परिक्रमा मार्ग पर आकर्षक गेट बनाया जा रहा है, जो सुंदर एवं भव्य होगा। उन्होंने श्री तीर्थ क्षेत्र विकास परिषद के अस्थाई कार्यालय की चहारदीवारी, गेट निर्माण, बोरिंग, कार्यालय की मरम्मत, फाउंटेन वाल, इंटरलॉकिंग खड़ंजा निर्माण, सीसी रोड रिपेयरिंग, टाइल्स के कार्यों को देखा। परियोजना प्रबंधक यूपीपीसीएल को निर्देश दिए कि फर्नीचर को जेम पोर्टल से व्यवस्था करायें। मरम्मत का कार्य जो हो रहा है, उसे गुणवत्तापूर्ण करायें। अच्छी तरह से विद्युत व्यवस्था करायें। फाल सीलिंग सभी जगह होना चाहिए। किनारे-किनारे कार्यालय के रेलिंग की भी व्यवस्था करायें। कार्यालय के अंदर मिट्टी की भी भराई कराकर चहारदीवारी के साइड में फूल लगायें।

उन्होंने यूपीटी तिराहा सीतापुर के सुंदरीकरण में फाउंटेन वाल की कास्टिंग के कार्य को देखा। वॉटर



कनेक्शन व्यवस्था की बाबत परियोजना प्रबंधक ने बताया कि कार्य हो रहा है। जिलाधिकारी ने परियोजना प्रबंधक से कहा कि पोद्दार इंटर कॉलेज के एक ओर अतिक्रमण है, उसे एसडीएम से संपर्क कर तत्काल हटायें। दोनों तरफ म्यूरल्स वाल बनायें। फाउंटेन में अच्छी लाइटिंग तथा यूपीटी की तरफ दीवाल पर सेल्फी प्वाइंट भी बनायें। उन्होंने बरहा हनुमान मंदिर के पास गेट निर्माण देखा। परियोजना प्रबंधक को निर्देश दिए कि जो डिजाइन गेट निर्माण की दी गई है, उसी अनुसार बनायें। दोनों तरफ नाला-नालियों को भी ढकवा दें। उसके ऊपर फुटपाथ बनायें। पंचायत भवन के पास जो कुंआ है, उसे अच्छे से कवर करने की व्यवस्था करें। दोनों ओर म्यूरल्स बनायें। रेलिंग एवं हार्टीकल्चर वर्क भी करायें। निरीक्षण में परियोजना प्रबंधक यूपीपीसीएल कुलदीप सिंह, सहायक अभियंता सुनील कुमार, अवर अभियंता अनिल कुमार यादव आदि मौजूद रहे।

### लाभार्थियों के सत्यापन में मिले तीन अपात्र, डीएम ने प्रधान को भेजा नोटिस

**लखीमपुर-खीरी।** जनपद खीरी की ब्लॉक लखीमपुर की ग्राम पंचायत मीरपुर में "स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण)" फेज-2 के तहत चयनित लाभार्थियों का स्थलीय सत्यापन हुआ, जिसमें 03 व्यक्ति यथा सरिता पत्नी हिमांशु यादव, सीमा देवी पत्नी सर्वेश कुमार वर्मा तथा वीरेन्द्र कुमार वर्मा पुत्र भगौती प्रसाद वर्मा अपात्र मिले। डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने ग्राम पंचायत मीरपुर के ग्राम प्रधान विकास वर्मा को नोटिस जारी करके अपेक्षा की कि वह एक सप्ताह में साक्ष्यों सहित स्पष्ट करें।

# गबन आरोपी प्रबंधक को सत्र न्यायालय से नहीं मिली राहत

## सीजेएम के फैसले को रखा बरकरार

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के गबन मामले में सुनाई सजा से आरोपी प्रबंधक को अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश के यहां से भी राहत नहीं मिली है। आरोपी प्रबंधक को मिली सजा के निर्णय के खिलाफ दाण्डिक अपील खारिज हो गई है।

मंगलवार को संयुक्त निदेशक अभियोजन ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि कर्वी कोतवाली क्षेत्र के एचडीएफसी बैंक के ऊपर रोज वैली ग्रुप आफ कम्पनीज का कार्यालय खुला था। प्रबंधक शारदा प्रसाद उर्फ शरद साहू पुत्र मुन्नीलाल निवासी कालूपुर पाही ने बीती 18 फरवरी 2014 को कर्वी कोतवाली में रिपोर्ट लिखाई थी कि शाखा से 2505885 रूपए चोरी हो गये थे। विवेचना दौरान सामने आया कि शाखा प्रबंधक ने खुद गबन किया है। लोगों को गुमराह करने को मामला दर्ज कराया है। पुलिस ने मामले में वादी मुकदमा शारदा प्रसाद के खिलाफ अदालत में आरोप पत्र दाखिल किया था। बचाव और अभियोजन पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीलें सुनने के बाद मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सूर्यकांतधर दुबे ने 21 अप्रैल 2023 को निर्णय सुनाया था। धारा 408 के तहत दोष सिद्ध होने पर आरोपी शारदा प्रसाद को तीन वर्ष कारावास की सजा और पचास हजार रूपए के जुमार्ना की सजा सुनाई थी। मामले में आरोपी ने दाण्डिक अपील की थी। सोमवार को अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश नीरज श्रीवास्तव ने बचाव और अभियोजन पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीलें सुनने के बाद मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के निर्णय में कोई विधिक त्रुटि न मिलने पर आरोपी को दी सजा बरकरार रखा।

### तमंचा समेत एक दबोचा




**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर अपराधियों के खिलाफ जारी कार्यवाही में प्रभारी निरीक्षक मानिकपुर वीर प्रताप सिंह की अगुवाई में दरोगा अरविन्द कुमार पाण्डेय की टीम ने विजय उर्फ बिज्जू पुत्र सौखीलाल निवासी सुभाषनगर के कब्जे से एक तमंचा 315 बोर व कारतूस समेत गिरफ्तार किया। उसके खिलाफ थाने में आर्म्स एक्ट का मामला दर्जकर जेल भेजा है। टीम में दरोगा अरविन्द कुमार पाण्डेय व सिपाही विमलेश कुमार शामिल रहे।

### खुलेआम ब्लास्टिंग से हो सकती है अनहोनी

**अखंड भारत संदेश**

**मानिकपुर/चित्रकूट।** नियम विरुद्ध ढंग से सड़क किनारे हो रही ब्लास्टिंग से लोगों की जानमाल को खतरा पहुंच सकता है।

मंगलवार को मानिकपुर से इटवां डुडैला मार्ग में सड़क किनारे अवैध ढंग से बिना किसी सुरक्षा के ब्लास्टिंग हो रही है। ब्लास्टिंग से राहगीरों को भारी खतरा होने के आसार हैं। बारूद के विस्फोट से बीच सड़क पर मलबा गिरने से कभी भी कोई हादसा हो सकता है। मानिकपुर इटवां डुड़ैला मार्ग किनारे हो रही ब्लास्टिंग से जल जीवन मिशन के पाइपलाइन डालने वाले ठेकेदार खुलेआम ब्लास्टिंग करा रहे हैं। ब्लास्टिंग की अनुमति भी ठेकेदार ने जिम्मेदार अधिकारी से नहीं ली है। ऐसे में ब्लास्टिंग के कार्य को अंजाम देकर लोगों की जान से खिलवाड किया जा रहा है।

### होम्योपैथिक नि:शुल्क शिविर सम्पन्न, होम्योपैथिक है सरल व लाभकारी: प्रमोद झां



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** राजापुर तहसील परिसर के होम्योपैथिक विभाग ने निःशुल्क शिविर में बतौर मुख्य अतिथि एसडीएम राजापुर प्रमोद कुमार झां ने होम्योपैथिक के जनक डॉ सैमुएल हैनीमेन के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप जलाकर शिविर का शुभारम्भ किया।

मंगलवार को शिविर में प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ प्रभु सिंह होम्योपैथिक चिकित्सालय सगवारा की मौजूदगी में शिविर में एसडीएम प्रमोद झां ने कहा कि चिकित्सा पद्धति में एलोपैथ, आयुर्वेद एवं होम्योपैथिक से इलाज किया जाता है, लेकिन एलोपैथ की दवाइयां महंगी होने से लोग उपचार नही करा पाते। होम्योपैथिक चिकित्सा उपचार सरल, सस्ता और उपयोगी है। निःशुल्क कैम्प हर माह लगने चाहिए, ताकि गरीबों को लाभ मिल सके।

निःशुल्क शिविर में प्रभारी चिकित्साधिकारी होम्योपैथिक सरधुआ डॉ राजेश कुमार पांडेय ने बताया कि होम्योपैथिक सस्ते और सुलभ चिकित्सा का महत्वपूर्ण अंग है। भारत में त्वचा रोग, बच्चों के रोग, मानसिक स्वास्थ्य और अन्य रोगों में होम्योपैथिक दवाओं के फायदे को देखते हुए अनेकों मेडिकल कॉलेज खोले जाने को सरकार प्रोत्साहित कर रही है। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी सगवारा डॉ प्रभु सिंह ने कहा कि होम्योपैथिक चिकित्सा सरकार की स्वस्थ सेवा का महत्वपूर्ण भाग है। बारिश के मौसम में आई फ्लू या पिंक आई भी कहते हैं जो संक्रामक बीमारी है। बचाव को हाथों को साबुन और पानी से धोकर साफ-स्वच्छ रखें। आंखें लाल सुर्ख हो तो काले चश्मे का प्रयोग करें। मोबाइल-टीवी की स्क्रीन से बचें। आंखों में खुजली होने पर रगडे नहीं। ओपीडी में मरीजों के लक्षणों को देखकर भिन्न-भिन्न प्रकार की दवाइयां दी जाती हैं, जो उपयोगी सिद्ध होती हैं। शिविर में राजापुर क्षेत्र के 163 मरीजों का निःशुल्क इलाज किया गया। शिविर में लालचन्द्र फार्मासिस्ट, नारेन्द्र सिंह, अभिमन प्रसाद, विनय सिंह, शिवशंकर आदि मौजूद रहे।

### कार बचाने के फेर में जीप पलटी, महिला की मौत

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** मऊ थाना क्षेत्र में संतुलन बिगड़ने से यात्रियों से भरी जीप पलटने से महिला यात्री की मृत्यु हो गयी। छह लोग घायल हो गए।

मंगलवार को ये हादसा मऊ थाना क्षेत्र के परदवां गांव के पास हुआ। बताया गया कि एक जीप सवारी लेकर आ रही थी। तिलौली गांव में नदी के पास सामने से आ रही कार को बचाने के फेर में जीप का संतुलन बिगड़ गया। बेकाबू होकर जीप पलट गई। जीप पलटने से गढवा गांव की कुसमा (50) पत्नी जगदीश की मौत हो गई। बरियारी कला की शिवकुमारी पत्नी दीपू, रम्पत पुत्र बच्चू, सम्पतिया पत्नी रम्पत, रीता पत्नी इलेया व परदवां के रतनधर पुत्र इन्द्रपाल गम्भीर रूप से घायल हो गए। घटना की जानकारी पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम को मर्चरी भेजा है। घायलों को इलाज को अस्पताल भेजा है। गम्भीर हालत के चलते रतनधन पुत्र इन्द्रपाल को प्रयागराज रेफर किया गया है।

### एक वांछित व तीन वारंटी दबोचे

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर वांछित/वारंटी की गिरफ्तारी को जारी अभियान में पुलिस ने एक वांछित व तीन वारंटी को गिरफ्तार किया है।

मंगलवार को चैकी प्रभारी गनीवा मेवालाल मौर्य व सिपाही प्रमोद यादव ने वांछित पिन्टू निषाद पुत्र रामस्वरुप निवासी कछियापुरवा थाना राजापुर को गिरफ्तार किया है। पहाडी थाने के दरोगा रविकान्त राय व सिपाही संजीव सोनी ने वारंटी हासिम पुत्र रज्जब अली निवासी कुचारम को गिरफ्तार किया है।

चैकी प्रभारी जिला अस्पताल मुन्नीलाल, महिला सिपाही शीलू पाठक, जयनारायण पटैरिया ने वारंटी श्रीमती मुरैनी देवी पत्नी स्व दशरथ निवासी शत्रुध्नपुरी को गिरफ्तार किया है। कोतवाली कर्वी के दरोगा रामाधार सिंह व दीपांकर सिंह ने पाक्सो एक्ट के वारंटी शिवपूजन पुत्र देशराज निवासी कछार पुरवा कोलगदहिया को गिरफ्तार किया है।

### दुष्कर्म पीडिता को सपा दिलायेगी न्याय: पूर्व मंत्री, सपा प्रतिनिधि मंडल ने दुष्कर्म शिकार पीडिता परिजनों से की भेंट



**अखंड भारत संदेश**

**मानिकपुर/चित्रकूट।** कस्बे में एक कालेज के शिक्षकों ने 17 वर्षीय विश्वकर्मा समाज की नाबालिग बालिका के साथ सामूहिक दुष्कर्म की घटना सामने आने पर सपा मुखिया/पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के निर्देश पर सपा प्रतिनिधि मंडल ने पीडिता के घर जाकर भेंट की। पीडिता के पिता को भरोसा दिया कि सपा हर स्तर पर पीडिता को न्याय दिलायेगी। पार्टी की ओर से पीडिता की भरपूर मदद की जायेगी।

मंगलवार को सूबे के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के निर्देश पर सपा प्रतिनिधि मंडल में पूर्व मंत्री/राष्ट्रीय सचिव रामआसरे विश्वकर्मा, पूर्व सांसद बालकुमार पटेल, विधायक अनिल प्रधान, पूर्व विधायक वीर सिंह पटेल, सपा जिलाध्यक्ष शिवशंकर सिंह यादव, पूर्व जिलाध्यक्ष भइयालाल यादव, पूर्व जिलाध्यक्ष अनुज सिंह यादव आदि सपा नेताओं ने मानिकपुर कस्बे में पीडिता के घर जाकर भेंट की। पीडिता के पिता ने प्रतिनिधि मंडल को बताया कि पुलिस ने दुर्व्यवहार किया है। पुलिस ने पीडिता की तहरीर को बदलवाकर लिखा है। आरोपी प्रधानाचार्य पर पुलिस ने कोई कार्यवाही नहीं की है। शासन सत्ता के दबाव में पुलिस ने पूरी तरह से भेदभाव पूर्ण कार्यवाही की है। पीडिता के पिता ने प्रतिनिधि मंडल को बताया कि मामले को दबाने का प्रयास किया जा रहा है। दुष्कर्म आरोपी प्रधानाचार्य की गिरफ्तारी नहीं की जा रही। सफेदपोश नेताओं ने भी मामले को दबाने का प्रयास किया है। सपा प्रतिनिधि मंडल ने पीडिता के पिता व परिजनों को भरोसा दिया कि सपा पीडित परिवार के साथ हर कदम पर खडी है। प्रतिनिधि मंडल ने उन्हें न्याय दिलाने का भरोसा दिया। इधर, सपा जिला कार्यालय में पूर्व मंत्री रामआसरे विश्वकर्मा ने पत्रकारों से कहा कि भाजपा शासन में महिलाओं-बच्चियों के साथ दुष्कर्म हो रहा है। शासन सत्ता न्याय दिलाने में सक्षम नहीं है। उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के कार्यों को जमकर सराहा।

# चेयरमैन नरेन्द्र का अंदाज लोगों को आ रहा रास

## नगर पालिका में सुन रहे लोगों की समस्यायें

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** नगर पालिका परिषद में नगरीय समाधान दिवस एवं जन सुनवाई नगर पालिका अध्यक्ष नरेंद्र गुप्ता व ईओ तथा सभासद एवं नगर पालिका स्टाफ ने मिलकर लोगों की समस्यायें सुनीं, तत्काल प्रभाव से समस्याओं के निस्तारण के निर्देश दिये।

मंगलवार को नगर पालिका अध्यक्ष नरेन्द्र गुप्ता ने दूसरी बार पालिका के चेयरमैन बनने के बाद नगर पालिका में ही नगर क्षेत्र के लोगों की समस्यायें सुनने को दिन निर्धारित किये हैं।




सोमवार-मंगलवार को वे लोगों की समस्यायें सुनने को नगर पालिका में बैठते हैं। चेयरमैन का ये अंदाज लोगों को खासा रास आ रहा है। भारी तादाद में लोग समस्यायें लेकर चेयरमैन के पास पहुंच रहे हैं। वे समस्याओं को पूरे मनोयोग से सुनकर निदान का प्रयास भी कर रहे हैं। नगर पालिका स्तर की समस्याओं को वे तत्काल निदान करवा रहे हैं। चेयरमैन नरेन्द्र गुप्ता का ये अंदाज लोगों को खासा पसन्द आ रहा है। लोगों ने कहा कि चेयरमैन नगर पालिका स्तर की समस्याओं को तत्काल मौके पर निपटा रहे हैं। अन्य समस्याओं को वे संबंधित अधिकारी से वार्ताकर उसे भी हल कराने का प्रयास कर रहे हैं। इस मौके पर ईओ लालजी यादव आदि मौजूद रहे।

# मनरेगा भुगतान का सप्लायरों ने जताया रोष

## पुलिस के साये में बीडीओ ने किया भुगतान

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिले के चर्चित ब्लाक रामनगर में ऑनलाइन मनरेगा भुगतान को खण्ड विकास अधिकारी ने थाने से पुलिस बल बुलवाया। ब्लाक परिसर में सवेरे से शाम पांच बजे तक पुलिस मुस्तैद रही।

मंगलवार को ब्लाक परिसर में मौजूद दर्जनों सप्लायरों ने खण्ड विकास अधिकारी पर हिटलर शाही का आरोप लगाया। बताया कि वे एक या दो वर्षों से ग्राम पंचायतों में सामग्री आपूर्ति किया है। भुगतान अभी तक नही हो सका। सप्लायरों ने खंड विकास अधिकारी व अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी पर आरोप लगाया कि उनकी फाइल फीड कराने के नाम पर एडवांस नगद पैसा लिया गया है। उसके बाद भी उनकी एफटीओ कैंसिल कर



हटा दी है। उस समय क्यों अनुपात नहीं देखा गया। जब उनसे मटेरियल की आपूर्ति कराकर फाइलों को फीड किया गया था। सप्लायरो ने कहा कि आजादी का अमृत महोत्सव, ध्वजारोहण को आनन-फानन में अमृत सरोवर तालाबों व गौशालाओं में लाखो की सामग्री आपूर्ति कर कार्य करवा लिया गया है। इसका भुगतान अभी तक नहीं हुआ।

चेताया कि उनका भुगतान न होने पर वे न्यायालय जाने को बाध्य होंगे। खण्ड विकास अधिकारी शैलेंद्र सिंह ने बताया कि सप्लायरों के आरोप निराधार हैं। भुगतान शासन की मंशानुसार आनुपातिक 60/40 के रेशियों से हुआ है। सवाल है कि 60/40 अनुपात की बात करते हैं तो पहले हुए भुगतान अधिक के हुए हैं। उनमें अनुपात क्यों नहीं देखा गया। ब्लाक में टेंडर प्रक्रिया में अनुपात का जिक्र क्यों नही किया। ब्लाक में अनुपात नही था तो मंजूरी कैसे दे दी। करोड़ों के कार्य जो हुए हैं, आगे चलकर उनमें अनुपात हो पायेगा या नहीं, ये चिंतनीय एवं जांच का विषय है। मनरेगा योजना के कार्यों के भुगतान को ब्लाकों में अलग से पुलिस बल की तैनाती का क्या औचित्य है।

# चेयरमैन ने दी निर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** डीसीएफ कार्यालय में चेयरमैन योगेश जैन ने कार्यालय संबंधी कार्यों का निस्तारण कर पुर्नस्थापित खाद-बीज केन्द्रों में इफ्को से खाद पहुंचाने का समितियों में अन्तिम रुप दिया।

मंगलवार को डीसीएफ कार्यालय में चेयरमैन योगेश जैन ने विपणन सहकारी समिति लिमिटेड एवं बुन्देलखण्ड कृषि विपणन सहकारी समिति लि का चुनाव भी सम्पन्न कराया। समितियों के साथ सहकारिता के क्षेत्र को किसानों के



हित में आगे बढाने का भरोसा दिया।

उन्होंने प्रबंध कमेटी के चुनाव में अध्यक्ष पद पर रामसागर चतुर्वेदी, डायरेक्टर जयप्रकाश शुक्ला, कुलदीप सिंह, हरिदास निषाद, श्रीमती अनुराधा श्रीवास्तव, रमेश पाण्डेय, कामता प्रसाद धतुरहा, ज्योति करवरिया, अभिषेक द्विवेदी व समिति की ओर से राष्ट्रीय, प्रदेश एवं जिला स्तर की संस्थाओं में प्रतिनिधि पद पर निर्वाचन अधिकारी कुबेर सिंह ने परिणाम घोषित किया। जगदीश प्रसाद द्विवेदी, राजेश मिश्रा, रामसागर चतुर्वेदी, सुनील द्विवेदी, संजीव मिश्रा, अभिलाष सिंह पटेल, मोहित मिश्र, सुधा सुधर द्विवेदी, संगीता करवरिया, अर्चना मिश्रा, सुशील द्विवेदी, उपाध्यक्ष आलोक द्विवेदी आदि मौजूद रहे। चेयरमैन योगेश जैन ने सभी निर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई दी।

### अन्ना जानवरों के गौशाला में बन्द न होने पर भाकियू घेरेगा जिला मुख्यालय, पांचों ब्लाकों ने बीडीओ को सौंपा ज्ञापन

**अखंड भारत संदेश**



**चित्रकूट।** भाकियू जिलाध्यक्ष राम सिंह राही की अगुवाई में पांचों ब्लॉकों पहाड़ी, रामनगर, मानिकपुर, मऊ एवं सदर कर्वी में किसानों ने एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन करते हुए खण्ड विकास अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा। मंगलवार को पहाड़ी ब्लॉक अध्यक्ष जसवन्त सिंह ने कहा कि जिलाधिकारी के आदेशों के बाद भी सड़कों व खेतो में अन्ना जानवर दिख रहे हैं। किसान किसका भरोसा करें। 30 जुलाई तक सभी गौशालाओं को संचालित करने का वायदा जिला प्रशासन का फेल होता दिख रहा है। साठ फीसदी गौशाला संचालित नही हुईं। किसानों का आक्रोश जिला प्रशासन पर बढ़ रहा है। समस्याओं पर जल्दी ध्यान न दिया तो किसान जिला मुख्यालय का घेराव को मजबूर होगा। ब्लॉक अध्यक्ष रामनगर रमेशचंद्र पाठक ने जिले के विद्युत विभाग का मुद्दा उठाया। ब्लॉक अध्यक्ष नरेश सिंह ने जिले को सूखा घोषित करने की मांग उठाई। भाकियू जिला मीडिया प्रभारी देवेन्द्र सिंह ने कहा कि जिले में खरीफ फसलों के आच्छादन का क्षेत्र कम हो रहा है। मोटे अनाज का उत्पादन न के बराबर है। सरकार मोटा अनाज पैदावार को बढ़ावा दे रही है। भाकियू जिला महामंत्री अरुण कुमार पांडेय, मण्डल सचिव उदयनारायण सिंह, शिवदयाल सिंह बघेल, राजकिशोर सिंह, विनय कुमार त्रिपाठी, शैलेन्द्र सिंह, जयनारायण सिंह, योगेंद्र सिंह, अर्जुन सिंह, दिनेश राजपूत, प्रकाश राजपूत, अशोक मिश्रा, बीरेंद्र सिंह, राममूरत नामदेव, अजीत कुमार शुक्ला, जयकरन सिंह समेत सैकड़ों किसान मौजूद रहे।

